13.27 hrs.

BANARAS HINDU UNIVERSITY (AMENDMENT) BILL—*Contd.*

Mr. Speaker: The House will now take up further consieration of the following motion move by Shri M. C. Chagla on the 24th November, 1965, namely:—

> "That the Bill further to amend the Banaras Hindu University Act, 1915, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

Time left for general discussion is 10 minutes. I have extended it by one hour more.

श्री सिंहासन सिंह (गोरखपुर) अध्यक्ष महोदय, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी विधेयक आज फिर सदन में चर्चा का विषय हो रहा है। 1958 में हिन्दू यूनिवर्सिटी को एक अध्यादेश के द्वारा तत्कालीन कानून को रद्द करके कायम किया गया। उस वक्त की सरकार ने और तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू ने इस सम्बन्ध में एक बयान दिया कि जल्द से जल्द इसके लिये कानून लाया जायेगा कि वह अध्यादेश समाप्त हो। लेकिन किसी कारणवश वह विधेयक नहीं आ सका। बाद में जो विधेयक आया तो वह प्रवर समिति के सुपुर्द हुआ। उसके सुपुर्द होने के बाद फिर विधेयक को पारित होने में कई वर्ष लग गये। आज 1958 के बाद 1966 के एक महीने को छोड़ कर अन्तिम महीने में हम इस विधेयक पर विचार कर रहे हैं जो कि राज्य सभा से पारित हो चुका है।

इस विधेयक पर यूनिवर्सिटी से "हिन्दू" नाम को हटाने के सम्बन्ध में बड़ा वाद विवाद उठा। राज्य सभा ने इस नाम को हटाया और वह इस सदन में आने के बाद विवाद का विषय बना कि हिन्दू शब्द रखा जाये या नहीं। इसी प्रकार से अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के सम्बन्ध में भी प्रश्न उठा कि उस में "मुसलिम" शब्द रहे या नहीं। जहां तक मेरे दृष्टिकोण का सम्बन्ध है, जिस समय भारत स्वतन्त्र हुआ और हमने सेकुलर शासन का तरीका अख्तियार किया, उस समय ही आवश्यक था कि तत्काल ही जितनी संस्थायें धर्म के नाम पर जाति के नाम पर, थी उन्हें समाप्त कर के उनका नाम बदल दिया गया होता। लेकिन हमने ऐसा नहीं किया और वह चली आई। आज सरकारी तथा राजकीय कोष से ऐसी संस्थाओं को धन दिया जाये जो कि हिन्दू संस्था के नाम पर चलें, मुसलिम संस्था के नाम पर चलें, ईसाई संस्था के नाम पर चलें पारसी संस्था के नाम पर चलें। यह कुछ अनुपयुक्त सा मालूम पड़ता है। आज जिस परिस्थिति में हम हैं उस को देखते हुए मैं सरकार को एक सुझाव देना चाहता हूं।

हिन्दू और मुस्लिम शब्द को लेकर जो विवाद खड़ा हुआ है, मैं प्रार्थना करता हूं कि इस विवाद को हम एक निर्णायक विषय आज न बनायें। आज जैसे चलता है उसको चलने दें। वास्तविक आवश्यकता इस बात की है कि सरकार एक ऐसा विधेयक लाए जिसमें इस तरह की परिभाषा हो, इस तरह की बात निहित हो कि कोई जाति के नाम पर, कोई सम्प्रदाय के नाम पर अगर संस्था कायम होगी तो वह कायम तो हो सकती है लेकिन सरकार द्वारा उसको कोई सहायता नहीं मिलेगी। हर एक व्यक्ति को हमारे सदन के संविधान के अन्दर यह अधिकार तो प्राप्त है कि अपने नाम पर या अपनी जाति के नाम पर या अपने सम्प्रदाय के नाम पर वह संस्था तो कायम कर सकता है, अपने धर्म के नाम पर वह संस्था तो कायम कर सकता है लेकिन जो धर्म निरपेक्ष सरकार है उसका यह कर्तव्य है कि वह ऐसी संस्थाओं को कोई सहायता न दे।

13.30 hrs.

[SHRI SHAM LAL SARAF *in the Chair*]

इस तरह की व्यवस्था अगर कोई विधेयक ला कर सरकार कर दे तो यह बहुत अच्छा होगा । इस तरह का विधेयक अगर लाया जाएगा और उसमें इस तरह की व्यवस्था होगी कि हिन्दू, मुस्लिम, ईसाई, पारसी जितने नामधारी धर्म हैं और जिनके नाम पर संस्थाएं कायम हैं या कायम होंगी जब तक उन में से ये नाम नहीं निकाल दिये जायेंगे सरकारी सहायता उनको प्राप्त नहीं होगी, तो मैं समझता हूं कि यह समस्या का सर्वोत्तम हल होगा । उस समय शायद इतना विवाद खड़ा नहीं होगा जितना आज खड़ा हो चुका है । आज हिन्दू कहता है कि मेरे नाम से हिन्दू शब्द क्यों निकाला जाए, मुस्लिम कहता है कि मेरे नाम से मुस्लिम शब्द क्यों निकाला जाए, ईसाई कहता है कि मेरे नाम से ईसाई शब्द क्यों निकाला जाए । हर आदमी देखा देखी यह कहने लग गया है कि हम पर ही आघात क्यों हो ? राज्य सभा से यह पास तो हो गया है कि हिन्दू शब्द निकाल दिया जाए और आपको यह भी मानना होगा कि यह एक विवाद का विषय भी बन गया है और इसलिए बन गया है कि हिन्दू शब्द अगर निकल जायेगा तो हो सकता है कि वे बहुसंख्या में चुके हैं इस वास्ते इसको मान्यता दे दें लेकिन उनका खयाल है कि मुस्लिम शब्द जब निकालने का वक्त आएगा तो शायद वह न निकल पाए, शायद वहां वैंडलिज्म हो । आप जानते ही है कि सामान्य सिविल कोड की बात चली थी । यह कहा गया था कि हिन्दू, मुस्लिम, ईसाई, पारसी जितने भी लोग हिन्दुस्तान में हैं उन सब के लिए एक समान सिविल कोड हो क्योंकि भारतीय संविधान में सबको समान अधिकार प्राप्त है और हिन्दुओं के लिए एक कानून भी बना था लेकिन आज तक मुसलमानों के लिए वैसा कानून नहीं बन पाया है । जहां तक वक्फ एक्ट का सम्बन्ध है उसमें भी बहुत तरमीम नहीं हो पाई है । हिन्दुओं के मन्दिरों के बारे में एक विधेयक इसी सदन में आया था जो कि आज तक लटका हुआ है क्योंकि मुसलमानों के बारे में विधेयक नहीं आ पाया है । यह सब डर की वजह से है जो कि लोगों के दिलों में व्याप्त है । हिन्दू कोड बिल आया और वह पास भी हो गया जिसके अन्तर्गत एक मर्द को एक औरत रखने का अधिकार है, लेकिन मुसलमानों के बारे में वह नहीं आया और मामला लटका हुआ है । लोगों को डर है कि हिन्दू शब्द निकल जाने के बाद हो सकता है कि मुस्लिम शब्द न निकलने पाए । इसलिए मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि इस झगड़े को आज वह न उठाये । सदन के सदस्यों से भी मैं प्रार्थना करूंगा कि वह हिन्दू शब्द को हटाने पर आज जोर न दें । राज्य सभा में जो यह बिल आया है कि इस में हिन्दू शब्द रहे और मैं चाहता हूं कि जब वह वापस राज्य सभा को जाए तो राज्य सभा के सदस्य भी इसको मान लें । लेकिन साथ ही साथ सरकार एक आश्वासन जरूर दे । इस आश्वासन को अब तो पूरा नहीं किया जा सकता है । लेकिन अगले चुनाव के बाद तो इसको पूरा किया जा सकता है । अगले चुनाव के बाद भी जहां तक मालूम पड़ता है यही सरकार होगी, कांग्रेस की ही सरकार होगी और कोई होने वाली नहीं, जैसी कि उम्मीद की जाती है । भावी सरकार की तरफ से यह सरकार इस तरह का आश्वासन दे कि वह इस तरह का कानून लायेगी कि धर्म निरपेक्ष यह सरकार अगर कोई संस्था धर्म के नाम पर कायम होगी तो उसके कायम होने में कोई रुकावट तो नहीं डालेगी, उसको मान्यता तो प्रदान की जा सकेगी लेकिन सरकारी सहायता उस संस्था को प्राप्त नहीं होगी । जहां तक मेरा खयाल है सभी शिक्षण संस्थायें सरकारी सहायता से ही चलती हैं, कम से कम हिन्दू यूनिवर्सिटी और मुस्लिम यूनिवर्सिटी, दोनों सरकारी सहायता पर

[श्री सिंहासन सिंह]

निर्भर करती हैं, सरकारी सहायता से ही चलती हैं । हर रूप में ये संस्थायें केन्द्रीय सरकार पर निर्भर करती हैं । मैं आशा करता हूं कि ऐसा विधेयक सरकार की तरफ से अवश्य आएगा ।

दुर्भाग्य कहें या क्या कहें चागला साहब अब शिक्षा मंत्री नहीं रहे हैं, विदेश मंत्री हो गए हैं । अब तीन चार महीने की ही बात थी । इनके होते हुए देश में बड़ी आशा बंधी थी । चागला साहब ने अपने अल्प काल में शिक्षा के लिए इतना कुछ किया है कि जितना शायद इनसे पूर्ववर्ती किसी ने नहीं किया था । शिक्षा के स्तर को ऊंचा करने में, अध्यापकों के स्तर को ऊंचा करने में, इन्होंने बहुत कुछ किया है । एजुकेशन कमीशन की रिपोर्ट भी हमारे सामने है । चलते चलते इन्होंने यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन से यह भी कहा है कि वह आशा करते हैं कि ग्रांट्स कमीशन और गवर्नमेंट भी इस रिपोर्ट को मान्यता प्रदान कर देगी । सद्भाव के साथ उन्होंने कमीशन की रिपोर्ट पर विचार किया है । उस रिपोर्ट में एक खास बात यह है कि शिक्षा का स्तर समान हो, सब के लिए समान अवसर हों, अध्यापकों का स्तर किसी तरह से भी सिविल सर्वेंट्स से कम न हो । जहां तक अध्यापकों के स्तर का सम्बन्ध है इनको यूरोप और रूस आदि में सिविल सर्वेंट्स के बराबर समझा जाता है, उनकी आकांक्षा रही है कि शिक्षक वर्ग का स्तर ऊंचा हो । यही कारण है कि अल्पकाल में उन्होंने इतना कुछ कर दिया है कि शायद पूर्व में नहीं किया गया है । आज भी विद्यार्थी वर्ग उत्पात मचा रहा है, अपना क्षोभ प्रदर्शित कर रहा है । मैं समझता हूं कि शायद यह शिक्षा की दृष्टि से अच्छा नहीं हुआ है । आज की हिन्दी अखबार में कमेंट निकला है कि यह अच्छा नहीं .....

सभापति महोदय : अब आप समाप्त करें । एक दो मिनट ले लें ।

श्री सिंहासन सिंह : हमारे चागला साहब श्री फखरुद्दीन अली अहमद की जगह, उनकी ओर से बैठे हुए हैं । उन से मैं एक प्रार्थना करना चाहता हूं । वाइस चांसलर वहां से चले गए हैं । प्रो वाइस चांसलर साहब भी चले जाएंगे । नए वाइस चांसलर साहब आ गए हैं । लेकिन रजिस्ट्रार साहब क्यों बने हुए हैं, जो कि सब झगड़े की जड़ हैं । यूनिवर्सिटी में जो कुछ बुराई शुरू हुई है और जिसके कारण यूनिवर्सिटी को अध्यादेश के द्वारा बन्द करना पड़ा और आज जितना ज्यादा खर्च हुआ है, लाखों रुपया यूनिवर्सिटी का मुकदमेबाजी में खर्च हुआ है, अध्यापकों के खिलाफ मुकदमे दायर करने में खर्च हुआ है, उस सब का मूल कारण यह एक रजिस्ट्रार साहब हैं । उनको हटाया नहीं गया है । आपको देख कर आश्चर्य होगा कि किसी भी सिलेक्ट कमेटी के चेयरमैन ने कभी भी डाइसेंटिंग रिपोर्ट नहीं दी है, डाइसेंटिंग नोट नहीं दिया है सिलेक्ट कमेटी के खिलाफ । लेकिन इस कमेटी के चेयरमैन श्री वाडिया ने दिया है सिलेक्ट कमेटी के खिलाफ । उन्होंने केवल रजिस्ट्रार के लिये यह दिया है । कमेटी की यह राय थी कि वाइस चांसलर को हटा दिया जाए, रजिस्ट्रार को न हटाया जाए । अध्यादेश के बाद बाकी सब जो अधिकारी बड़े बड़े थे उनको तो हटा दिया गया लेकिन उन्हें नहीं हटाया गया । इस बिल में यह भी लिखा है कि वाइस चांसलर का चुनाव होगा तो वह भी जो इस वक्त है हट जाएगा । और जो अधिकारी हैं वे भी हट जायें । लेकिन जो रजिस्ट्रार है वह कायम है, वह ज्यों का त्यों बरकरार रहेगा । इसके बारे में मैं एक चेतावनी देना चाहता हूं । अगर रजिस्ट्रार साहब कायम रहेंगे तो कितना भी भला वाइस चांसलर आ जाए, उनकी तिकड़म से एक न एक दिन झगड़ा हो जाएगा । आज हम देख रहे हैं कि विद्यार्थी वर्ग उत्पात मचा रहा है । लेकिन बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी आज भी शान्त हैं । हो सकता है कि इसमें आपका

प्रभाव काम कर रहा हो, हो सकता है कि नए वाइस चांसलर के आने की वजह से यह हो। किसी भी कारण से हो लेकिन वहां के विद्यार्थी आज शान्त है। हर विद्यार्थी की मांग यह है कि इस रजिस्ट्रार से हमें मुक्ति दो। अगर मुक्ति आप नहीं देते हैं तो शायद फिर झगड़ा होगा।

रघुनाथ सिंह जी मेरी तरफ देख रहे हैं। वह मुझे माफ करें अगर मैं यह कहूं कि उन्होंने भी बहुत अच्छा पार्ट प्ले नहीं किया था। अध्यादेश को लेकर जो कमेटी बनी थी उस में शायद वह भी थे

Shri Raghunath Singh (Varanasi): Which Committee?

श्री सिंहासन सिंह : अध्यादेश के बारे में एक कमेटी बनी थी।

Shri Raghunath Singh: I was not there.

Shri Sinhasan Singh: You were a member of the Court.

Shri Raghunath Singh: Finance Committee.

श्री सिंहासन सिंह : चाहे रघुनाथ सिंह हों या सिंहासन सिंह मुझे कोई हमदर्दी नहीं है। एक ऐसी कमेटी बनी थी जिसने हर तरह से हिन्दू यूनिवर्सिटी को नीचे गिराने की कोशिश की थी, इस यूनिवर्सिटी को ऊपर उठाने की कोशिश नहीं की। मैं कहना चाहता हूं कि रजिस्ट्रार को नहीं रहना चाहिये, उसको हटा दिया जाना चाहिये।

Shri Gauri Shankar Kakkar (Fatehpur) *rose—*

Mr. Chairman: Shri Raghunath Singh. Shri Kakkar has already spoken on this.

Shri Gauri Shankar Kakkar: I have not spoken on this.

Mr. Chairman: You have already spoken on this. Shri Raghunath Singh.

श्री रघुनाथ सिंह : मैं आपका थोड़ा ज्यादा समय लूंगा। पहले तो सिंहासन सिंह जी ने जो कहा है उसके सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूं कि मैं किसी ऐसी कमेटी का सदस्य नहीं था जो कि अध्यादेश को ले कर बनी थी। मैं नामिनेटिड मैम्बर जरूर हूं बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी कोर्ट का। उसकी फार्मेल मीटिंग साल में एक बार कनवोकेशन के दिन होती है और फिर वह समाप्त हो जाती है।

इस बिल का जहां तक सम्बन्ध है ज्वाइंट सिलैक्ट कमेटी ने यह विचार व्यक्त किया था कि इसका नाम हिन्दू यूनिवर्सिटी हो। लेकिन उसके इस प्रस्ताव को राज्य सभा ने अस्वीकार कर दिया। राज्य सभा ने यह पास किया। इस इंस्टीटयूशन का नाम मदन मोहन मालवीय काशी विश्व विद्यालय रखा जाए। यही सबसे बड़ा विवाद का विषय है।

मैं चाहता साहब को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने गवर्नमेंट की तरफ से स्टेटमेंट किया है कि कांग्रेस पार्टी के मैम्बर फ्री हैं। अपना वोट जिधर चाहे दे सकते हैं। अगर मैम्बर हिन्दू शब्द रखना चाहते हैं तो उसके पक्ष में मत दे सकते हैं और अगर मदन मोहन मालवीय काशी विश्वविद्यालय शब्द रखना चाहते हैं तो उसके पक्ष में मत दे सकते हैं। वास्तव में लोकतंत्रीय परम्परा का उन्होंने सदस्यों को मतदान की आजादी दे कर अनुसरण किया है।

जब पहले-पहल हिन्दू यूनिवर्सिटी के नाम के सम्बन्ध में विवाद उठा था, तो डा० लोहिया ने वहां पर लगे हुए शिला-लेख का उल्लेख किया था और कहा था कि उस का नाम "काशी विश्वविद्यालय है।" मैं आपको बताना चाहता हूं कि वहां पर संस्कृत में यह लिखा

[श्री रघुनाथ सिंह]

हुआ है : "काशी विश्वविद्यालय————" और अंग्रेजी में लिखा है :

"Banaras Hindu University. This foundation stone was laid by H.E. The Right Honourable Charles Baron Hardinge of Penshurt...."

आप देखेंगे कि एक ही शिला-लेख में दो नाम आये हैं : "काशी विश्वविद्यालय" और अंग्रेजी में "बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी ।

मेरे पास यह संवत् 1984 का पंचांग है, जो कि 39 वर्ष पहले का है और जो काशी विश्वविद्यालय से प्रकाशित होता है । इस पर छपी काशी विश्वविद्यालय की सील पर संस्कृत में, अर्थात् नागरी लिपि में काशी विश्वविद्यालय और अंग्रेजी में बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी लिखा हुआ है ।

उस दिन डा० लोहिया ने विश्वविद्यालय में लगी ईंटों पर लिखे शब्दों का उल्लेख किया मेरे पास यह 1941 की ईंट है ।

श्री सिंहासन सिंह : आन ए पाइंट आफ आर्डर । क्या माननीय सदस्य को इस सदन में ईंट लाने का अधिकार है ?

श्री रघुनाथ सिंह : आई हैव राइट दी राइट ।

डा० लोहिया ने कहा कि ईंट पर काशी विश्वविद्यालय लिखा हुआ है । मैं 1941 की, आज की नहीं, बल्कि आज से पच्चीस वर्ष पहले की, आरिजनल ईंट लाया हूं, ...

श्री बाकर अली मिर्जा (वारंगल): क्या बिल्डिंग तोड़ कर यह ईंट लाए है ?

श्री रघुनाथ सिंह : . . . . जिस पर लिखा है का० हि० वि०, अर्थात् काशी हिन्दू विश्वविद्यालय । हां, डा० लोहिया का कहना ठीक है कि प्रारम्भिक काल में कुछ ईंटों पर हिन्दी में "का० वि० वि०" लिखा गया था, अर्थात् "काशी विश्वविद्यालय" ।

श्री किशन पटनायक (सम्बलपुर) : क्या यह फर्जी ईंट तो नहीं है ?

श्री रघुनाथ सिंह : फर्जी काम तो माननीय सदस्य कर सकते हैं । वह मेरा काम नहीं है ।

इस के अतिरिक्त फाटक पर, संगमरमर के पत्थर में खुदा हुआ है, जो आज का नहीं है: "काशी हिन्दू विश्वविद्यालय" । जहां तक नाम का सम्बन्ध है, लोगों में यह धारणा प्रचलित थी कि नाम "काशी हिन्दू विश्वविद्यालय है" निस्सन्देह प्रारम्भ में काशी विश्वविद्यालय प्रचलित था और वहां के शिला लेख में संस्कृत में "काशी विश्वविद्यालय" और अंग्रेजी में बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी" लिखा हुआ है। यह जानने के लिए थोड़ा और डिटेल में जाने की जरूरत होगी कि कैसे यह थोड़ा सा फर्क पड़ा।

सन् 1906 में मालवीय जी और दूसरे नेता इलाहाबाद में एकत्रित हुए जहां पहले पहल हिन्दू यूनिवर्सिटी स्थापित करने की परिकल्पना उत्पन्न हुई एक सोसायटी का निर्माण किया गया । एक ड्राफ्ट स्कीम बनाई गई । जिस में उस विश्वविद्यालय का नाम हिन्दी में काशी विश्वविद्यालय और एंग्लिश में दि हिन्दू यूनिवर्सिटी आफ बनारस दिया गया । 1911 में जब उस सोसायटी के रजिस्ट्रेशन का सवाल पैदा हुआ , तो वह सोसायटी बाकायदा तौर पर "हिन्दू यूनिवर्सिटी सोसायटी" के नाम से रजिस्टर्ड कराई गई । 12 अक्तूबर, सन् 1911 को उस समय के केन्द्रीय शिक्षा विभाग के सदस्य, सर हारकोर्ट बटलर ने एक पत्र द्वारा सरकारी मन्तव्य को इस प्रकार प्रकट किया 'सरकार हिन्दू यूनिवर्सिटी की स्थापना के आइडिया का समर्थन करती है' । 4 दिसम्बर सन् 1911 को हिन्दू यूनिवर्सिटी सोसायटी की पहली फार्मल मीटिंग हुई और आप को यह जान कर आश्चर्य होगा कि सन् 1912 में उस

सोसायटी का आफिस बनारस में नहीं, बल्कि इलाहाबाद में खोला गया जहां मालवीय जी आदि हिन्दुस्तान के सब नेता थे। इसके बाद 22 मार्च, सन् 1915 को सर हारकोर्ट बटलर ने उस समय की इम्पीरियल लेजिस्लेटिव कौंसिल में हिन्दू यूनिवर्सिटी प्राइवेट बिल उपस्थित किया।

सभापति महोदय : अब माननीय सदस्य खत्म करने का प्रयत्न करें।

श्री रघुनाथ सिंह : यह बिल मेरी कांस्टीट्यूएन्सी से सम्बन्ध रखता है। इस लिए मुझे और समय दिया जाये।

सभापति महोदय : माननीय सदस्य कलाजिज पर डिस्कशन के वक्त ये डीटेल की बातें कह सकते हैं।

श्री रघुनाथ सिंह : मैं अभी खत्म कर देता हूं।

उस वक्त वायसराय ही कौन्सिल का स्पीकर हुआ करता था। उस वक्त के स्पीकर लार्ड हार्डिंग, ने उस बिल के पारित होने के समय अपने कान्क्लूडिंग रिमार्कस में कहा 'बड़ी प्रसन्नता की बात है कि आज यहां पर हिन्दू यूनिवर्सिटी बिल पास हुआ है और हमें आशा है कि इस में एजूकेशन की सुन्दर व्यवस्था होगी'।

संक्षेप में मैं निवेदन करना चाहता हूं शुरू से ही आइडिया था कि इस विश्वविद्यालय का नाम हिन्दू यूनिवर्सिटी रहे। जहां तक "हिन्दू" शब्द का सम्बध है, दादाभाई नौरोजी आदि लोगों ने भी यह कहा है कि "हिन्दू" शब्द कोई सम्प्रदायिक शब्द नहीं है। बल्कि वह जातीयता का बोधक है। विश्वविद्यालय के ताम्रपत्र लेख में जहां धर्म का उल्लेख किया गया है, वहां हिन्दू शब्द नहीं है। बल्कि 'सनातन धर्म का प्रयोग किया गया है। हिन्दुओं का धर्म सनातन धर्म है और "हिन्दू" शब्द का व्यापक अर्थ था कि हिन्दुस्तान में जितने रहने वाले लोग है, वे सब हिन्दू है इसी लिए उस ताम्रपत्र में "धर्म सनातन" शब्दों का प्रयोग किया गया है। सनातन धर्म शब्द का प्रयोग किया गया है। धर्म तो सनातन धर्म था।

हिन्दू विश्वविद्यालय था सारे हिन्दुस्तान का विश्वविद्यालय है। इसमें जो रुपया आया है वह सिखों से आया, हिन्दुओं से आया है। मुसलमानों का आया है। ईसाइयों का आया है। पारसियों का आया है। सब का रुपया इसमें लगा था। इसलिए हिन्दू शब्द को हम साम्प्रदायिक शब्द नहीं मानते। हिन्दू शब्द व्यापक जातिवाचक शब्द है। इस वास्ते जातिवाचक है कि यह एक वे आफ लाइफ है। जैसा कि डा० सर राधाकृष्णन ने कहा है हिन्दू तो एक वे आफ लाइफ है। यह हमारे जीवन का एक रूप है, हमारी संस्कृति का अंग है। हम सनातन धर्मी हो सकते हैं, हम वैष्णव हो सकते हैं, शैव हो सकते हैं, शाक्त हो सकते है, बौद्ध हो सकते हैं, जैनी हो सकते हैं, सिख हो सकते हैं लेकिन सब का मिश्रण, सब का समुच्चय, सब का समन्वय वह हमारी एक हिन्दू जातीयता के रूप में होता है। सम्प्रदाय हमारा अलग हो सकता है, लेकिन हिन्दू का अर्थ है, हिन्दुस्तान में रहने वाले जितने लोग हैं, हिन्दू शब्द उन सब का वाचक है।

श्री यशपाल सिंह (कैराना) : माननीय चागला साहब यह बतलाने में असमर्थ रहे हैं कि हिन्दू शब्द हटा करके उन्होंने क्या सोचा है और किस लिए यह हिन्दू शब्द हटाया गया है? जैसा कि माननीय रघुनाथ सिंह जी ने कहा हिन्दू शब्द जो है वह तो हमारी राष्ट्रीयता का प्रतीक है, राष्ट्रीयता का द्योतक है। जो मुसलमान अरब में जाते हैं हज करने के लिए हैं।

The Minister of External Affairs (Shri M. C. Chagla): May I intervene for a minute to clear up the misunderstanding?

[Shri M. C. Chagla]

मैं ने नाम नहीं हटाया । नाम राज्य-सभा ने हटाया है । सेलेक्शन कमेटी में जब बिल आया तब हिन्दू नाम था । मगर राज्य सभा ने कहा कि नहीं यह मदन मोहन मालवीय काशी विश्वविद्यालय इस का नाम हो ।

Mr. Chairman: While replying to the debate he can reply to all these points.

श्री यशपाल सिंह : आपको अपनी राय जरूर देनी चाहिए थी ।

श्री मु० क० चागला : मेरी राय तो थी जो मैंने दी थी ।

श्री यशपाल सिंह : जो मुसलमान लोग अरब में हज करने के लिए जाते हैं उन्हें भी अरब के लोग अहले हनद कहते हैं और वह हिन्दू कह कर पुकारे जाते हैं । अगर राज्य सभा ने भी किया है या किसी ने भी किया है कुछ रीजन नहीं दिखलाया गया कि क्यों करा ? अगर हम यह समझते हैं कि हमारी खेती की पैदावार बढ़ जायेगी इस शब्द के हटाने से, हमारे कारखानों की प्रोडक्शन बढ़ जायेगी इस शब्द के हटाने से, हमारे सरहदों की रक्षा हो जायेगी इस शब्द के हटाने से तो ठीक है लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ या हम समझते हों कि किसी रूढ़िवाद का नाश हो जायगा इस शब्द को हटाने से तो वह भी नहीं हुआ । सिर्फ कोटि कोटि हिन्दू जनता के दिल को ठेस लगाने के लिए, करोड़ों हिन्दुओं के दिलों को तकलीफ पहुंचाने के लिए यह किया गया है और जब हम इस लोक सभा में हैं हम डट कर इसका विरोध करेंगे । अन्दर भी विरोध करेंगे और बाहर भी करेंगे । हिन्दू शब्द जो है वह हमारी भारतीयता का है, हमारे इन्डियनिज्म का द्योतक है । जैसा कि गांधी जी ने कहा था, गांधी जी यह चाहते थे कि हिन्दू असल हिन्दू बन जाय, मुसलमान असल मुसलमान बन जाय । हमें मुसलमानियत या हिन्दुस्तानियत से हमेशा यही सबक मिला है क्या हम अपने देश के लिये वफादार रहें, निष्ठावान रहें, हम अपने देश के लिए भक्ति और पूरी श्रद्धा रखें । अब यह समझ में नहीं आता कि राज्य सभा ने किया हो या किसी ने भी किया हो, जो गलत काम है वह गलत काम है । यह जरूरी नहीं कि राज्य सभा से उसके ऊपर मुहर लग जाय तो वह सही हो जाता है । जो गलत काम है वह हमेशा गलत रहता है । आखिर, हम करोड़ों साल से जिन्दा हैं, अपनी सभ्यता के मुताबिक, अपने कल्चर के मुताबिक, अपने विश्वास के मुताबिक हम इस दुनिया को एक अरब साल से ज्यादा देर से बनी हुई मानते हैं, एक अरब साल से ज्यादा हो गए इस दुनिया को बने हुए और तभी से हम अपने आपको हिन्दू कह कर के याद करते हैं और हम हर उस शख्स को हिन्दू समझते हैं, पचास करोड़ इन्सान

आसिन्धुः सिन्धु पर्यन्ता यस्य भारत
भूमिका ।
मातृभूः पितृभूः पुण्य भूश्चैव स वे
हिन्दु रितिस्मृताः ।।

हम उसे हिन्दू समझते हैं जो हिन्दुस्तान में पैदा हुआ है, जो इस हिन्दुस्तान का अन्न खा कर के जवान हुआ है । हम उसे हिन्दू समझते हैं और हिन्दू की परिभाषा भी यही है ।

"हिन हिंसागत्यो"

हिन्दू वह है जो हिंसा से नफरत करता हो, जो दूसरे के दिल को दुखाने से नफरत करता हो, दूसरे के दिल को ठेस पहुंचाने से नफरत करता हो, उसे हम हिन्दू मानते हैं । हिन्दू शब्द किसी सम्प्रदाय का द्योतक नहीं है । हिन्दू शब्द किसी छोटे से दल, बिरादरी या कैम्प का नाम नहीं है । हिन्दू का अर्थ बड़ा व्यापक है । जो पचास करोड़ भारत-

वासी हैं वह हिन्दू शब्द से ही पुकारे जाते हैं। कहीं भी चले जाइए, अरब में चले जाइए, बल्कि इंडिया लफ्ज जो है वह भी हिन्दू से ही बना है और किसी लफ्ज से बनता नहीं है। इसलिए मेरा, सभापति महोदय, सब से ज्यादा विरोध इस बात के ऊपर ह कि यह अगर राज्य सभा ने किया है तो दुबारा इसे राज्य सभा को भेजा जाय। राष्ट्रपति राधाकृष्णन जो कि हिन्दू यूनिवर्सिटी के प्राण रहे हैं, हिन्दू यूनिवर्सिटी के स्तम्भ रहे हैं उन से भी इस मामले में राय ली जाय। इतना बड़ा हमारा नेशनल डेजिगनेशन जो हमारे राष्ट्रीय सम्मान का द्योतक है .....

सभापति महोदय : अगर आप उस फैसले को बदल देंगे तो वहां भेजने की जरूरत नहीं है।

श्री यशपाल सिंह : हां, हम उस फैसले को बदल देंगे और जरूर बदल देंगे और मेरी राय यह है कि इस मामले पर कांग्रेस पार्टी की तरफ से कोई व्हिप न आये, कोई राय न आये बल्कि खुले आम इस हाउस में इस बात के ऊपर डिस्कशन हो और सभापति महोदय, मैं आपसे साफ़ लफ्जों में कह रहा हूं कि महात्मा गांधी ने जो कांग्रेस की बुनियाद डाली थी, इसीलिए डाली कि हिन्दू असल हिन्दू बन जाय और मुसलमान असल मुसलमान बन जाय और 70 साल का हमारा इतिहास दादाभाई नौरोजी से लेकर, मुहम्मदअली, शौकत अली से लेकर यह जो हमारा आज तक का इतिहास है, जिसमें हमने इस देश के लिए लाखों कुर्बानियां की हैं, वह सिर्फ इसलिए की हैं कि हमारा हिन्दू नाम कायम रहे। और जो हिन्दू हमारा नेशनल डेजिगनेशन है, वह नेशनल डेजिगनेशन कायम रहे। इसीलिए हम यह कुर्बानियां देते आये हैं और गांधी जी की मशा यही थी, गांधी जी ने कई दफ़ा यह कहा था कि वह हिन्दू पहले हैं और उसके बाद उन की और कोई परिभाषा नियत होती है।

तो सभापति महोदय, मैं चागला साहब से भी यह अर्ज करूंगा कि अपने विचार आज इस प्वाइंट पर रखें जब आप जवाब दें। इससे कोई फायदा नहीं है अगर आप अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से मुस्लिम शब्द हटा दें या बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी से हिन्दू शब्द हटा दें, इस में आपका कोई लाभ नहीं है। बल्कि इससे करोड़ों मुसलमानों और हिन्दुओं के दिलों को ठेस लगेगी और सरकार से मैं अनुरोध करता हूं, आग्रहपूर्वक इस का विरोध करता हूं, इस तरह के किसी नाम को आप मंजूर न करें। हिन्दू नाम अटल है, ईटरनल है, फंडामेंटल है। हमेशा रहा है और हमेशा रहेगा। ऐसी एक लाख सरकारें भी इस नाम को नहीं बदल सकेंगी।

Mr. Chairman: Shri Bal Krishna Singh.

Shri Radhelal Vyas (Ujjain): On a point of order....

Mr. Chairman: There is no point of order at the moment.

Shri Radhelal Vyas: There is a rule in our Rules of Procedure that if a Member gets up, his name will be called, and if more than one Member gets up, the name of one of those who had got up would be called. But now you have called the name of a Member who did not stand up at all.

Mr. Chairman: I have got his point. He need not teach the Chair on this point. The Chair's eyes are wide open.

श्री बाल कृष्ण सिंह (चन्दौली) : मान्यवर, देश के निर्माण और संगठन में बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी का बहुत बड़ा महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हिन्दू शब्द पर तो मैं अपने अमेंडमेंट के समय बोलूंगा। लेकिन यह बिल लाने का जो उद्देश्य है, तीन उद्देश्य से मान्यवर, यह बिल लाया गया है, एक तो मुदालियर कमेटी की रिपोर्ट को कार्यान्वित करना, दूसरे उसे रेजीडेंशियल यूनिवर्सिटी बनाना और तीसरे उसकी सेलेक्शन कमेटी

[श्री बाल कृष्ण सिंह]

में एक विजिटर का नामिनी रखना । पहला उद्देश्य जो मुदालियर कमेटी का है उस उद्देश्य का मै घोर विरोध करता हूं और इसलिए विरोध करता हूं कि मुदालियर कमेटी ने बनारस यूनिवर्सिटी का एक काला इतिहास लिखा है । ईस्टर्न यू० पी० और बिहार के कुछ हिस्सों पर एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी डाली है कि वहां के लड़के इस यूनिवर्सिटी में पढ़ते हैं और अनुशासन विहीन कार्य करते हैं । मैं आप का ध्यान मुदालियर कमेटी की रिपोर्ट के पेज 6—7 की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं । उस में लिखा है, उसका हिन्दी में अनुवाद में आप को सुना रहा हूं —

"पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों के जो लड़के बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी में पढ़ने के लिए आते हैं, वह बनारस के खर्च को बर्दाश्त नहीं कर सकते । फीस और बोर्डिंग हाउस की फीस नहीं दे सकते । अतः यूनिवर्सिटी के ऊपर फंड इकट्ठा करने के लिए दबाव पड़ता है । ऐसे लड़के अनुशासनहीनता लाने के लिए टूल्स के तौर पर इस्तेमाल किये जाते हैं ।"

पेज 10 पर है :

"विश्वविद्यालय का उचित संचालन न होने का उत्तरदायित्व टीचर पोलिटिशियंस और उस ग्रुप पर है जो पूर्वी उत्तर प्रदेश का है ।"

पेज 10 पर ही फिर लिखा है :

"उत्तर प्रदेश के लड़कों का यह विश्वास है कि बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी सेंटर की है और गरीबों की यूनिवर्सिटी है, अतः कुछ ईस्टर्न यू० पी० के लड़के अपना अधिकार समझते हैं, इस कारण से लड़कों की संख्या अधिक होती है ।"

इस संबंध में मेरा निवेदन यह है कि अगर यह उद्देश्य है बिल लाने का तो मैं निवेदन करूंगा सरकार से, वह यह बताये कि क्या बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी गरीबों की यूनिवर्सिटी नहीं है ? यदि ईस्टर्न यू० पी० के लड़के बनारस यूनिवर्सिटी को अपनी यूनीवर्सिटी समझते हैं, तो क्या उनके इस विचार को नेशनलाइज कर लेना चाहते हैं । क्या लड़कों की फ़ीस बनारस यूनीवर्सिटी में ही माफ़ होती है, इण्डिया की दूसरी यूनीवर्सिटियों में माफ़ नहीं होती है ? यदि इण्डिया की दूसरी यूनीवर्सिटियों और कालेजों में भी माफ़ होती है, तो क्या वजह है कि बनारस हिन्दू यूनीवर्सिटी के सम्बन्ध में ही यह रिमार्क दिया गया है ?

14 hrs.

श्रीमन्, बनारस यूनीवर्सिटी के सम्बन्ध में जो एन्क्वायरी की गई है, उस कमेटी ने हमारे ईस्टर्न यू० पी० की गरीबी के साथ खिलवाड़ किया है । स्वतंत्रता के समय, ईस्टर्न यू० पी० ने, जो राजनीतिक आन्दोलन छिड़ा था, उस समय वहां के निवासियों ने बहुत बड़ी देशभक्ति का परिचय दिया था, इसी कारण अंग्रेजों ने हमारी उपेक्षा की थी और हम गरीब रहे,लेकिन उस में हमारा स्वाभिमान छिपा था । स्वतंत्रता के बाद हम समझते थे कि हमारी गरीबी दूर होगी, उस यूनीवर्सिटी में वहां के लड़कों को अधिक से अधिक सुविधा मिलेगी ताकि वे आगे पढ़कर स्वावलम्बी बन सकें । देश की समृद्धि के लिये देशवासियों का शिक्षित होना कितना आवश्यक है, इस पर बोलने की मुझे जरूरत नहीं है । मैं चाहूंगा कि इस बिल में उत्तर प्रदेश और बिहार के लड़कों को काफ़ी सुविधायें मिलनी चाहियें ।

हिन्दू शब्द के सम्बन्ध में, श्रीमन, मैं केवल यह निवेदन करना चाहता हूं कि छागला साहब ने जिस समय राज्य सभा में यह बिल रखा था, उस समय कोई एजीटेशन नहीं हुआ, ज्वाइन्ट सिलेक्ट कमेटी से जब यह बिल आया, उस वक्त भी कोई एजीटेशन नहीं हुआ, लेकिन जब राज्य सभा ने नाम बदल दिया, उस समय एजीटेशन हुआ, इसका अर्थ यह है कि ज्वाइन्ट

सिलेक्ट कमेटी ने जो रिपोर्ट दी थी, वह ठीक थी और देश के निवासियों ने उस को स्वीकार किया था। इसलिये इस समय कोई काम ऐसा नहीं करना चाहिये, जिसको समाज आसानी से ग्रहण न करना चाहे।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं। जिस समय यह बिल इस हाउस में पेश हुआ था, मालवीय जी इस के मेम्बर थे, बनारस हिन्दू यूनीवर्सिटी सोसायटी के सेक्रेटरी श्री सुन्दरलाल जी भी यहां थे, मालवीय जी यदि ऐसा चाहते तो बनारस हिन्दू यूनीवर्सिटी बिल मूल रूप में यहां पर कैसे आता। मालवीय जी ने उस समय कहा था—

"I believe, my lord instruction in the truth of religions, whether it would be Hindu or Muslim, whether it be imparted to the students of Banaras Hindu University or of Aligarh Muslim University will tend to produce men who, if they are true to their religion, will be true to their god and their country and I look forward to the time when the students who will pass out of such universities will meet each other in a closer embrace as sons of the same motherland than they do at present."

फिर आगे उन्होंने कहा कि—

"There will be no disqualification on the ground of religion in the selection of professors. No restriction is placed upon students of any creed or any class coming to this University."

Mr. Chairman: He will conclude now.

श्री बाल कृष्ण सिंह : श्रीमन्, मैं चाहूंगा कि बनारस हिन्दू यूनीवर्सिटी का नाम परिवर्तन न किया जाय। इस नाम परिवर्तन से बनारस हिन्दू यूनीवर्सिटी का हृदय विदीर्ण हो जायेगा।

Mr. Chairman: How much time will the hon. Minister take to reply?

Shri M. C. Chagla: I will take a very short time—I would rather deal with the clauses—not more than 10 minutes.

Mr. Chairman: Shri Sumat Prasad.

श्री राधे लाल व्यास : सभापति महोदय, यह बात तो हमारी समझ में नहीं आती कि हम बार बार रिक्वेस्ट करें कि आपकी आंखें उस तरफ जानी चाहियें, जिस तरफ लोग खड़े हों।

Mr. Chairman: Will he take his seat?

Shri Radhelal Vyas: I will go out. There is no question of sitting here. I invite your attention to a rule and you ask me to take my seat. I raise a point of order and you ask me to take my seat.

यह तो कोई सवाल नहीं है। मैं कायदे की बात करता हूं तो आप इजाजत न दें। कायदे के अनुसार नहीं चलेगा तो एक मिनट नहीं चलने दूंगा।

सभापति महोदय : जल्दबाजी में कोई राय नहीं कहनी चाहिये। आप यह जानते हैं कि जो भी यहां बैठता है, वह अपनी जिम्मेदारी को समझता है और उसको समझकर बात करता है। इसलिये मैं दरख्वास्त करता हूं कि आप चुप कर के बैठ जाइये और सुमत प्रसाद जी को बोलने दीजिये।

श्री सुमत प्रसाद (मुजफ्फरनगर) सभापति महोदय, शिक्षा इस समय चिन्ता का विषय हो गई है। अनुशासनहीनता की वजह से, जो कि मुल्क में दिखलाई पड़ रही है, सेंट्रल यूनीवर्सिटीज हैं, उन को इस समय आदर्श पेश करना चाहिये। किन्हीं कारणों से यह बिल यहां पर पेश किया गया है, लेकिन इस सम्बन्ध में लोगों की भावना का ख्याल भी रखना जरूरी है। जिन्हें भी सोशल

[श्री सुमत प्रसाद]

रिफार्म्ज हैं, वे टाइम के साथ साथ, जमाने के साथ साथ होते हैं ; अगर किसी सोशल रिफार्म के लिये वक्त मुनासिब न हो, तो वह सोशल रिफार्म कामयाब नहीं हो सकता ।

आज सवाल यह है कि शिक्षा की जितनी इंस्टीच्यूशन्ज हैं, उन में से बहुतों के नाम किसी न किसी सम्प्रदाय के साथ जुड़े हुए हैं, जैसे—कान्यकुब्ज कालेज, वैश्य कालेज, कायस्थ कालेज, जाट कालेज, इस किस्म के नाम आपको इन संस्थाओं के मिलेंगे । यह परिपाटी अंग्रेजों के जमाने में चली थी, जिन्होंने अपनी मजबूती के लिये यहां के समाज के टुकड़े टुकड़े करना चाहा, हिन्दुस्तान के टुकड़े टुकड़े करना चाहा, ताकि उनकी हकूमत यहां पर मजबूत हो सके । लेकिन उसके साथ कुछ भावना बंध गई है, एक मुनासिब तरीके से, मुनासिब वक्त में इस काम को पूरा करना चाहिये । मुझे माननीय सिंहासन सिंह के सुझाव से पूरा इत्तिफाक है कि इसके लिये एक जुदा बिल लाना चाहिये, खाली हिन्दू यूनीवर्सिटी और मुसलिम यूनीवर्सिटी के लिये नहीं बल्कि देश में जितनी संस्थाओं के नाम के साथ किसी न किसी सम्प्रदाय का नाम जुड़ा है, उन सब पर वह बिल लागू होना चाहिये और उस में कहा जाय कि वह सरकारी मदद पाने के मुस्तहिक नहीं हैं । मजहब की शिक्षा देना और बात है, और उसके अन्दर साम्प्रदायिक भावना पैदा करना और उसको प्रोत्साहन करना, ये दोनों बातें भिन्न भिन्न हैं । मैं आपका ध्यान आर्टिकल 30 और 28 की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं—आर्टि० 30-

"All minorities, whether based on religion or language, shall have the right to establish and administer educational institutions of their choice."

Article 28:

"No religious instruction shall be provided in any educational institution wholly maintained out of State funds".

अगर आप इन दोनों को मिलाकर पढ़ें तो उस में रिलीजस एजूकेशन कम्पलसरी नहीं कर सकते और हर एक माइनारिटीज को हक दिया है कि वे अपनी इंस्टीच्यूशन्ज खोल सकती हैं । इसलिये यह बात इस में शामिल हो गई है कि किसी न किसी सम्प्रदाय का नाम जोड़ कर इंस्टीच्यूशन को जारी रखा जा सकता है । इस वक्त मुनासिब यही है कि जिस तरह से चल रहा है, उसी तरह से चलने दिया जाय, न मुस्लिम यूनीवर्सिटी का नाम बदलने के लिये कोई बिल लाना चाहिये, न लाना चाहिये हिन्दू यूनीवर्सिटी के लिये । लेकिन एक ऐसा बिल, जैसा मैंने ऊपर जिक्र किया है, इलैक्शन के बाद लाना चाहिये, जो इस समस्या को हल कर सके तथा उन सभी इंस्टीच्यूशन्ज के लिये, जिन के नाम के साथ किसी न किसी सम्प्रदाय का नाम जुड़ा हुआ है, प्रतिबन्ध लगाया जाय, ताकि उस को स्टेट की मदद न मिल सके यह एक ऐसा कदम होगा कि जिसके जरिये, बिना इस बात को कहे कि इंस्टीच्यूशन का नाम तबदील करो, हर इंस्टीच्यूशन अपना नाम तबदील कर लेगी क्योंकि इस बिल के आने से किसी रिलीजन या धर्म को, कम्यूनल भावना को प्रोत्साहन नहीं मिलता ।

इसलिये मैं समझता हूं कि आज कल के समय के उपयुक्त यह होगा कि इस बिल के जरिये से बनारस हिन्दू यूनीवर्सिटी का नाम तब्दील कर के उस का नाम मदन मोहन मालवीय काशी विश्वविद्यालय न रखा जाये जैसा कि राज्य सभा ने पास किया है । बल्कि उस का नाम बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी ही रखा जाये, तावक्ते कि दूसरे बिल के जरिये से इस तमाम मामले को हल न कर दिया जाये ।

Mr. Chairman: Shri Chatterjee.

Shri Radhelal Vyas: I walk out. I stood up three times, I was not given a chance. Only those who are sitting are given a chance. Therefore, I walk out.

(Shri Radhelal Vyas then left the House.)

Mr. Chairman: At least he should know that Members from one party alone cannot speak one after another. The opposition also have to take part in the debate. This should go into the record please.

Shri N. C. Chatterjee (Burdwan): I shall be very brief.

There are so many problems that the country is facing, much more serious than changing the name of a university. I only want to point out that there is no question of communalism in maintaining the name of the university. As a matter of fact, it will be entirely wrong to say that it is a communal university or that it is imparting mere religious instruction which is taboo or discouraged by our Constitution. If you look at this Bill, there is Clause 7 which is very important, which should be studied by every one interested in this. We are amending section 4A, and we are saying there shall be substitution of the following clause:

> "(2) to promote the study of religion, literature, history, science and art . . ."

What kind of religion, history, science and literature?

> " . . . of Vedic, Hindu, Buddhist, Jain, Islamic, Sikh, Christian, Zoroastrian and other civilisations and cultures;"

With this fundamental theme and objective, it would not be right to say that there is any attempt, even if the old name is retained, to make it a communal or a sectarian university.

Standing at the great Congress of Religions in Chicago, the great Swami Vivekananda said this: "Hinduism has got one thing that every Hindu and every Indian at least should know, that it does not believe in the finality of Divine Revelation. It is one religion which gives us full liberty to accord the same respect to the prophets of other religions as we accord to the prophets of our own religion."

The only thing is, as Mahatma Gandhi used to say, we cannot accept that either Islam or Christianity was the unique or final revelation, because we believe that God in His infinite mercy reveals Himself to humanity, and therefore, expands always, adds to human culture and civilisation and also adds to the sum total of human knowledge.

We have been preaching throughout the ages that we do not believe in exclusiveness for our own religion, and we have also been preaching, as the great Vivekananda said: do not talk of religious toleration, because toleration implies certain arrogance. Therefore, he pleads that Hinduism has taught universal tolerance which means universal acceptance. That is the creed of Hinduism.

I cannot understand why "Hindu" is anathema to the Hindus, this allergy on the part of Hindus to the name "Hindu". At least this name was adopted when Pandit Madan Mohan Malaviya started this great organisation. This is a great monument to his ability, industry, patriotism and devotion to our culture.

I come from Bengal and Calcutta, and you know that in Indian history the greatest revolutionaries, the greatest votaries of secularism, the greatest social thinkers have all been the products of the Hindu College, Calcutta. Therefore, there is nothing in a name; it is only a question of what kind of teaching you impart.

Secondly, the university had gone down and fallen on evil days. I had the privilege to appear for the Banaras Hindu University Professors before the Supreme Court and I know what was happening. I hope this Bill will put up a mechanism which will

[Shri N. C. Chatterjee]

really enable the university to function as a seat of learning and that all undesirable predilections and influences would be eliminated from the seat of that culture. That is very desirable.

I was amazed to find that the University professors were not given the ordinary facilities, the ordinary right, the fundamental right not to be discriminated against. There was discrimination at the behest of somebody from the Secretariat or from the Government. I hope that will be eliminated.

If the great centres of learning like Banaras, Aligarh and Viswa Bharati, are really placed on a pedestal of their own and cater to the real aspirations of the people, there will be justification for continuing the Central universities under governmental patronage. Otherwise, there will be great disappointment throughout the country.

The student unrest should be studied in its proper perspective. There is student unrest not only in Banaras, but everywhere in the country. I am hoping that this Lok Sabha, which is the accredited representative of the nation, will not change the name simply out of trepidation or out of unnecessary comment or unnecessary criticism levelled at it, but will take a realistic view of things and maintain the old institution with its old name, and put its house in order, so as to make it an efficient and proper organisation which will not merely secure proper learning, but will be a monument and a real, abiding homage to one of India's greatest leaders.

Mr. Chairman: Mr. Bakar Ali Mirza.

Shri Bakar Ali Mirza: How much time?

Mr. Chairman: Five minutes.

Shri Bakar Ali Mirza: That will be too little.

Mr. Chairman: Let him not waste time.

Shri Bakar Ali Mirza: Mr. Raghunath Singh showed old bricks and things like that to prove that the name of the university should not be changed.

The university has got certain functions. The structure of the university, Vice-Chancellor, faculties and all that, that is really the important thing. Nobody minds if that is changed while the name remains the same.

I am glad that my very learned friend here quoted Clause 7 about religious instruction regarding Vedic, Hindu, Bhuddhist, Islamic, Christian and all that, but in the original Act it was not there; it only mentioned the study of Hinduism, Vedic, Buddhism, Jainism and so on, one group of religions only was in that. This fundamental change has been brought about in the structure of this Banaras Hindu University Act of 1915. That seems to escape notice, while the name is supposed to be so important.

I welcome this change. In fact, on the previous occasion I had sent an amendment of this nature to the Parliament Secretariat. Therefore, we have to take things rather calmly because emotions are aroused, and we are a responsible body which has to consider these things very seriously.

These universities of Aligarh and Banaras have a very favoured place. They have command of funds, they have the whole of India to recruit from and all the advantages. But at the same time, take the history of all the universities in India. These are the two universities where conditions have been the worst, and there have been ordinances, there has been suspension of routine constitutional practices and all that. The Delhi University is also a Central University. Why this difference in behaviour of Aligarh and Banaras from the other universities of India? There are quite

a number of universities, younger and older than Aligarh and Banaras. What is the characteristic of these two universities? One is that they are residential universities. I hope nobody could say that this particular characteristic of the university is influencing adversely the functioning of the university. The other is the communal label. I believe that the word Hindu and Indians means a lot because after all the Hindu religion is different from the semetic religions; it has a cosmopolitan approach and it preaches that there are different ways to reach salvation. Banaras Hindu University is English translation of Kashi Vishwa Vidyalaya. If that was Kashi Hindu Vidyalaya I could have no objection but this is a translation and in that translation they want to bring in an amendment. The real meaning of the word is Indian. Therefore, I would beg of this House to consider this matter very seriously because what happens is that if we identify ourselves with a particular community or institution and if that institution for some reason is hurt in a way, we feel hurt.

Mr. Chairman: He may conclude now and speak on clauses. I have no time.

Shri Bakar Ali Mirza: All right.

Shri Muthiah (Tirunelveli): Mr. Chairman, The Banaras University Act was first passed in 1915 and the university came into being in that year. The present Bill is intended to make certain changes in the Act in the context of the country's present needs. The Bill has been passed by the Rajya Sabha. The adoption of the new name for the university and the dropping of the word 'Hindu' from the name of the University by the Rajya Sabha has unfortunately led to a commotion among the students of the University and among certain sections of the Hindus. The students have resorted to strikes and demonstrations in the university campus because of this change. The proposal to drop the word 'Hindu' from the name of the Banaras University and to drop the word 'Muslim' from the name of the Aligarh University has been before the country and before the House for some months. Our country according to our Constitution is a secular State and we are wedded to secularism. Secularism is a precious heritage which we have inherited and we have to preserve and cherish it. According to Shri Gajendragadkar the ex-Chief Justice of India, secularism is a unique gift which India has given to the world. But the question we have to consider now is whether this is the appropriate time for dropping the word 'Hindu' and changing the name of the University. There is violence in the country everywhere and student unrest is at its height now. The change of the name may add to the existing violence, strikes and demonstrations. We are so near the general elections and it is unwise to create unnecessary controversies and provocations. Statesmanship requires that the name 'Banaras Hindu University' should be retained as it is, and the words 'Hindu' and 'Muslim' can be dropped from the names of the two universities, when times are quite favourable.

Mr. Chairman: You can speak on the clauses. You may conclude now.

Shri Muthiah: I now come to the Bill. The Bill contains certain amendments to the original Act. For clause 2 of section 4A of the original Act, a new clause is substituted, which reads: "to promote the study of religion, literature, history, science, and art of Vedic, Hindu, Buddhist, Jain, Islamic, Sikh, Christian, Zorastrian and other civilizations and cultures. The original clause 2 of Section 4A reads was "to promote oriental studies, and in particular, Vedic, Hindu, Buddhist and Jain studies and to give instruction on Hindu religion and to impart moral and physical training." The original clause has not mentioned Islamic, Christian, Sikh and Zoroastrian cultures.

[Shri Muthian]

By a new section which replaces the original section, section 6, the posts of Pro-chancellor and pro-vice-chancellor are abolished since these posts are merely titular without any responsibility. The new section 7 provides for the appointment of the vice-chancellor, whose term of office is fixed at five years and whose re-appointment is ruled out. This rule should not be rigid. Exceptional circumstances may justify relaxation of the rule. There may be a vice-chancellor of exceptional ability and his reappointment will do immense good to the university. So, the maximum term may be fixed at ten years. A new provision, clause (5) of section 7 provides for steps to deal with emergencies. It is a welcome provision. It empowers the vice-chancellor to take such action as he deemes necessary, if in his opinion, any emergency has arisen which requires immediate action. In section 15 of the principal Act, an important sub-section has been inserted, which empowers the university to found and maintain special centres and laboratories anywhere in India for research in humanities, science and technology, medicine and other professional subjects. Statute 31 provides for the removal of teachers for misconduct. The vice-chancellor may suspend a teacher for misconduct and report the matter to the executive council which may confirm his order or revoke it. The executive council is empowered to remove a teacher for misconduct irrespective of the terms of his contract of service. The Bill provides for student discipline and student welfare.

Mr. Chairman: He may conclude now and reserve the rest for the discussion on clauses. Shri Mahida.

Shri Narendra Singh Mahida (Anand): Mr. Chairman, I had been to Banaras last year especially to see whether the mark "Kashi Viswa Vidyalaya" was there in the foundation-stone, and I found the foundation-stone as stated by Mr. Raghunath Singh. There is no mention of Banaras Hindu University; the foundation-stone laid in the presence of the Viceroy mentions Kashi Viswa Vidyalaya.

Shri Raghunath Singh: What was in English just below that? It was Banaras Hindu University.

Mr. Chairman: No contradictions.

Shri Raghunath Singh: It is not a contradiction. He is supporting me.

Shri Narendra Singh Mahida: I wish to draw attention to the minutes of dissent to the report of the Joint Committee. Sarvashri Kumaran, Sinhasan Singh and Narotham Reddy say: "We recognise that historically speaking so much sentiment is attached to it." It is a matter of sentiment and if denied we may retain or remove the word 'Hindu' or 'Muslim'. But I am surprised that we were making so many changes in names lightly. The Britishers had left certain traditions and there is nothing wrong in the names of railway stations being changed, for instances, from Muttra to Mathura, from Banaras to Varanasi. So many names are in process of change. I do not see why there should be so much objection to this change. After all Hinduism stands for secularism; it has never stood for narrow parochialism and such a day will never come when Hindus will become narrow-minded. That is why we feel that the new Change of names should be adopted. It is surprising that the Chairman of the Joint Committee himself has given a note of dissent; Mr. Wadia refers to the post of registrar and says "an amendment relating to the Registrar came to be accepted by a very narrow majority." So many people to abolish the post of Registrar. I am surprised that the name pro-vice-chancellor

had been dropped. In his minute of dissent Mr. P. N. Sapru very rightly says: "In the first place I regret that we have decided to abolish the high office of Pro-chancellor. The Pro-chancellor was elected by the court but had no administrative or executive functions to perform. It was a dignified position which was held in the past generally by His Highness the Maharaja of Banaras who and whose ancestors have contributed largely to the funds of the University and given it the land on which it is situate." I am afraid at this rate a time may come when we may drop even this name, of Madan Mohan Malaviya. These are trends which I do not like. We should perpetuate the names of those who contributed to the growth of the university. Let this be the last change and let there be no more changes. With these words I support the Bill.

Shri M. C. Chagla: Sir, I would be extremely brief and if necessary I would rather intervene in the clause-by-clause discussion. I have gone through the main points made, in the debate which was held last time and which was resumed today. I find that the main controversy has turned on the question of the name. May I refer to what I said in the Rajya Sabha and I adhere to every word of what I said then:

> "There is one remark made by my hon. friend Mr. Mani and that is about the Banaras Hindu University and the Aligarh Muslim University. Mr. Mani knows well enough and he will accept what I say that I am the last man in the world who would like to have any communal institutions in India. If I had my way, I would do away with all of them because I have always taken the view that the way to solve the communal problems is to get all the individuals to join the national stream."
>
> "The Banaras Hindu University and the Aligarh Muslim University are historical institutions just as we still have the portraits of the Viceroys in the Rashtrapati Bhavan, as the late Prime Minister said, merely to mark the march of history. So, these institutions bear these names in order to show what the educational policy of the British Government was. But I assure Mr. Mani that we look upon both these institutions as Central universities, all-India institutions, and not as communal institutions, either Hindu or Muslim."

Then, Mr. Akbar Ali Khan intervened and said: "with your permission would the hon. Minister ensure that for each of these universities, at least 30 per cent came from the other community, in the staff as well as students?" My answer was:

> "I am most anxious to do that. I can readily change the name. I can introduce the Bill, but it would raise unnecessary controversy. What matters is not the name of an institution, but what happens in the institution. I agree with my hon. friend there that in order to make these institutions really national, Indian, Central, we should have more intermingling of the different communities. We should not look upon the Banaras Hindu University as a Hindu institution nor the Aligarh Muslim University as a Muslim university. They are national institutions; they are Indian institutions; they are Central institutions."

Sir, I adhere to every word that I said.

Again, in the Rajya Sabha, on the 25th November, 1964, this is what I said:

> "If the House wants it, if the majority of the House wants the names to be changed, I am for it. But what I want is that the institution should be national; name does not matter."

[Shri M. C. Chagla]

Therefore, I leave it entirely to this House to decide whether the name should be changed or not. But I want to assure this House—of course, I am no longer Education Minister but I am a member of the Government—that whatever the names of the institutions, we look upon both these institutions as national universities, as Indian universities, as Central universities. We are giving about a crore of rupees to each of these institutions, and we want these institutions to be great—

Shri Sheo Narain (Banai): In the Joint Committee, 39 Members were of one opinion and only six were against that opinion. The Rajya Sabha has changed it.

Shri M. C. Chagla: Which opinion?

Shri Sheo Narain: In the Joint Committee.

Shri M. C. Chagla: It was a very narrow majority. (*Interruption*).

Shri Sinhasan Singh: May I know whether the Minister has any thinking about bringing in a Bill about it?

Shri M. C. Chagla: I think that is a very good suggestion made by two hon. Members. We might certainly consider it, whether we should have a Bill which should deal comprehensively with the question of educational institutions having communal names rather than deal with it piecemeal. That is a matter which should certainly be considered.

The other question which was discussed was the removal of the Vice-Chancellor and the Registrar. When the Bill was introduced, we have had Mr. Bhagawati as Vice-Chancellor, whose term of office was coming to an end and so we said that he should go out when the new Vice-Chancellor was elected. We have appointed a new Vice-Chancellor, and may I say, Banaras University, is fortunate in having a Vice-Chancellor of his academic distinction, of his integrity, and the manner in which he dealt with things—he knows how to handle the student population.

Shri Narendra Singh Mahida: But there is no provision to continue such an eminent Vice-Chancellor.

Shri M. C. Chagla: I am coming to that. Dr. Sen was the Vice-Chancellor of Jadavpur University; he made a great success of that university; he has great qualities; he has tackled with understanding the student problem; he is always accessible to students. Therefore, I have given notice of an official amendment which I hope the House will support: that as far as he is concerned, he may continue for a full term of office, namely, six years.

Shri Priya Gupta (Katihar): Will the Committee members continue for nine years?

Shri M. C. Chagla: They will all go out; all the bodies will go out; as soon as the Bill becomes an Act, we will have new bodies appointed—the executive council, court—(*Interruption*).

Shri Priya Gupta: By the same process, the same people will be coming.

Shri M. C. Chagla: That would depend upon the election. I cannot tell my hon. friend who will be elected, but we have a machinery laid down in the Bill as to how they would be appointed.

Shri Priya Gupta: Can you look into the machinery as to how a man is selected and how one may continue for nine years?

Mr. Chairman: The hon. Member can point out those things when we take up clause-by-clause consideration.

Shri M. C. Chagla: I can answer it now, why they were continuing for eight years or so. When the ordi-

nance was passed, the executive committee was nominated and no term of office was fixed. Until today, the Banaras Hindu University has been functioning under this abnormal legislation. It is now that we have brought this Central legislation. That executive council will go. I hope the hon. Member will be satisfied.

Shri Priya Gupta: Thank you.

Shri M. C. Chagla: My hon. friend has used some strong language about the Registrar. We have a new Vice-Chancellor. He has ample powers to take action if he thinks that the Registrar is not a good officer. But we cannot remove him by a legislative fiat. That would not be fair. I said that in the Rajya Sabha, and I repeat that here.

Shri Narendra Singh Mahida: Supposing the present incumbent is very clever, do we have a provision for continuing him after a period of five years?

Shri M. C. Chagla: No. I will tell you why. I think vested interests are created; it is not right that a Vice-Chancellor should continue for more than five years. We have many eminent people in India; we can get a Vice-Chancellor from another university. Groups are formed; vested interests are created and I think it is a good thing that a Vice-Chancellor should not continue for more than five years.

Then, the next thing that was pointed out was about the student union. We have introduced a clause. I need not say anything more on it now; I will speak on it when the amendment is moved.

Then the question was about affiliating colleges. This has gone through various phases. If you look at the preamble, Madan Mohan Malaviya wanted this university to be a residential university. It was his idea. But new colleges sprang up and the question was whether Banaras University should become an affiliating university. My own view was that it should keep its main characteristics as far as possible: that it should be a residential university. So, a compromise was arrived at in the Rajya Sabha,—there are some amendments here—to the effect that whatever colleges existed they may be affiliated, provided they satisfied the conditions of affiliation, but no new college will be affiliated to the Banaras Hindu University. Otherwise, you will make the Banaras Hindu University like any affiliating university. For Heaven's sake, do not change the main characteristics of the Banaras Hindu University which is that it is a residential university.

I would not take up any more time. If necessary, I will say what I have to say during the discussion of the clauses.

Mr. Chairman: The question is:

"That the Bill further to amend the Banaras Hindu University Act, 1915, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

Mr. Chairman: We now take up clause-by-clause consideration. There are a number of amendments tabled. Let us first take the amendments to clause 2.

Clause 2—(*Definitions*).

Shri Bal Krishna Singh: I beg to move:

(i) Page 2, "*omit* lines 4 to 9." (1)

(ii) Page 2, "*omit* lines 10 to 12." (2)

सभापति महोदय : आपकी अमेण्डमेन्ट उसी नेचर की है, जो बालकृष्ण जी की है ।

श्री रघुनाथ सिंह : मैंने पहले ही अमेण्डमेन्ट दी थी, चूंकि वह लैप्स हो गई, थी, पहले सेशन में दी थी, इसलिये सभी को मैंने आज फिर रिपीट कर दिया है ।

सभापति महोदय : आपने जो आज जो अमेण्डमेन्ट दी है, वह बालकृष्ण जी की अमेण्डमेन्ट के आइडेन्टिकल है ।

श्री रघुनाथ सिंह : तो उस में हमारा नाम भी छपा होना चाहिये ।

सभापति महोदय : लेकिन वह तो टाइम-बार्ड हो गई है । आप जो अमेण्डमेन्ट मूव करना चाहते हैं, वह विद इन टाइम नहीं आया है, इसलिये टाइम बार्ड हो गया है । लेकिन जहां तक आपके मफ़हूम का ताल्लुक है, उस के लिये आपको बोलने का मौका मिलेगा ।

Shri Bakar Ali Mirza: I gave one amendment which lapsed. Then I have given another amendment No. 87. I move it.

श्री रघुनाथ सिंह : जैसे हमारा लैप्स हो गया, उसी तरह से आपका भी लैप्स हो गया ।

Mr. Chairman: Your amendments are barred because they are identical with the amendments which have already been moved.

श्री रघुनाथ सिंह : हम को भी इजाजत दीजिये । इनका लैप्स हो गया, इनको आपने इजाजत दी है ।

सभापति महोदय : आपकी अमेण्डमेन्ट इस लिये एक्सेप्ट नहीं करता हूं क्योंकि वह बालकृष्ण जी की अमेन्डमेन्ट की तरह की है और वह मूव हो चुकी है ।

श्री रघुनाथ सिंह : लेकिन एक ही अमेण्ड-मेन्ट को तीन आदमी भी मूव कर सकते हैं ।

Shri Vishwa Nath Pandey (Salempur): I move my amendments Nos. 29, 30 and 31.

Mr. Chairman: Amendment 31 is the same as No. 2 which has been already moved. He may move amendments Nos. 29 and 30.

Shri Vishwa Nath Pandey: I beg to move:

(i) Page 2, line 7, for "rename" substitute "name" (29).

(ii) Page 2, line 8 and 9 and wherever they occur in the Bill,—for "Madan Mohan Malaviya Kashi Vishwavidyalaya" substitute "Banaras Hindu Universtty." (30).

Mr. Chairman: Amendment No. 59 by Shri Muthiah is the same as amendment No. 30 which has already been moved. Amendments Nos. 57, 58 and 60 in the name of Shri Hari Vishnu Kamath are not moved; he is not here.

Shri Bakar Ali Mirza: I beg to move:

Page 2, lines 8 and 9 and wherever they occur in the Bill,—for "Madan Mohan Malaviya" substitute "Banaras University". (87).

Mr. Chairman: The amendments which have been moved are 1, 2, 29, 30 and 87. Amendment No. 31 is the same as No. 2 and amendment No. 59 is the same as No. 30. Clause 2 and these amendments are before the House.

Shri Priya Gupta: I want to know the time allotted for the clause by clause consideration, because there are some other items on the agenda on which I want to speak. I want to know whether I should wait.

Mr. Chairman: I cannot tell the exact time for clause by clause consideration. It will depend upon the discussion as it proceeds.

Shri Bakar Ali Mirza: This is a very important clause and more time should be given for this clause.

Mr. Chairman: Let us see as the discussion proceeds. Mr. Raghunath Singh.

Shri Gauri Shankar Kakkar: On a point of order, Sir. You have called upon Mr. Raghu Nath Singh to speak

on his amendments. You have not said "Clause 2 stand part of the Bill". Unless that motion is moved, how can you call upon Mr. Raghunath Singh to speak?

Mr. Chairman: I have already said that clause 2 and the amendments are before the House.

Shri M. C. Chagla: The main controversy is whethter the House wants to retain the original name of the university or wants to change it. Most of the amendments deal with that. So, if a vote is taken on that, the position will be clarified. I am not trying to shut out discussion, but I am just putting it before you for your consideration. You can take one or two amendments which bring out the main issue whether the name should be Banaras Hindu University or it should be what the Rajya Sabha has adopted or it should be Kashi Vishwavidyalaya. The rest are consequential.

Mr. Chairman: Let us hear the hon. members who have moved amendments. Then we shall see.

श्री रघुनाथ सिंह : सभापति महोदय, मैंने हिन्दू यूनीवर्सिटी के नाम के विषय में जहां अपना भाषण समाप्त किया है, वहीं से आरम्भ करना चाहता हूं। मैं ने कहा था कि इस विश्वविद्यालय के शिलान्यास वाले पत्थर के नीचे एक ताम्रपत्र रखा गया है उस में दिखलाया गया है कि धर्म हमारा सनातन है,

"धर्मं सनातनं वीक्ष्य काल वेगेन
पीड़ितम ।"

इसलिए आप देखेंगे कि हिन्दू यूनीवर्सिटी को जिन लोगों ने स्थापित किया था, उन्होंने व्यापक धर्म का अर्थ लिया था। धर्म सनातन है लेकिन हिन्दू शब्द व्यापक शब्द, हिन्दू शब्द जातिवाचक शब्द है।

मैं इस के सम्बन्ध में कुछ हिस्ट्री बताना चाहता हूं। सब से पहले सन 1904 में बर्नार काशीराज श्री प्रभूनारायण सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। उस में यह निश्चय किया गया। एक समिति बनाई जाय। हिन्दू यूनीवर्सिटी की स्थापना की जाय। जुलाई, सन 1905 में उस समिति की एक रिपोर्ट प्रकाशित की। गई अक्तूबर, सन 1905 में वह रिपोर्ट हिन्दुस्तान के जितने नेता थे, चाहे वे हिन्दू थे, मुसलमान थे, सब के पास भेजी गई। उसमें हिन्दू विश्वविद्यालय स्थापित करने की योजना थी, उस में जिज्ञासा की गयी थी। उनका विचार पूछा गया था। उस ने 31 दिसम्बर, 1905 को अपनी रिपोर्ट दी। उस के पश्चात् सन 1906 में एक सनातन धर्म महासम्मेलन इलाहाबाद में हुआ। जगतगुरु शंकराचार्य उसके सभापति थे। उन्होंने कहा भारतीय विश्वविद्यालय की परिकल्पना की जाय। क्योंकि हिन्दू विश्वविद्यालय का हिन्दू शब्द भारतीय के अर्थ में समझा जाता था, इसलिये उन्होंने इसका नाम भारतीय विश्वविद्यालय रखने का सुझाव दिया।

12 मार्च, सन 1906 को इस सभा की कार्यवाही तथा प्रस्तावित हिन्दू यूनीवर्सिटी की ड्राफ्ट स्कीम प्रकाशित की गई —जिस में कहा गया —

The Society shall be called the Hindu University, Kashi.

सोसायटी आफ़ हिन्दू यूनिवर्सिटी आफ़ बनारस, यह सोसायटी का नाम था। जो इसकी आधारशिला है।

उसके पश्चात एक मेमोरेण्डम श्रीमती एनीबेसेन्ट ने सन 1907 में बनाया। उनका मत था कि इसको यूनीवर्सिटी आफ़ इण्डिया कहा जाय। शंकराचार्य जी ने कहा कि भारतीय विश्वविद्यालय बने, मालवीय जी की राय थी कि हिन्दू यूनीवर्सिटी बने।

श्रीमती एनीबेसेन्ट ने, जिन्होंने बनारस में हिन्दू स्कूल तथा सेंट्रल हिन्दु कालेज की स्थापना की थी, 1907 में एक कमेटी बनाई, उसमें उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी आफ़ इण्डिया नाम होना चाहिये, अर्थात

[श्री रघुनाथ सिंह]

हिन्दू शब्द को इण्डिया के साथ एक प्रकार से समानार्थक बना दिया था। क्योंकि हिन्दू शब्द एक जातिवाचक शब्द माना जाता रहा है। इस तरह तीन समितियां बन गई। तीनों समितियों के लोग स्वर्गीय सर रामेश्वर सिंह, दरभंगा के राजा की अध्यक्षता में एकत्रित हुए। इन तीनों समितियों के लोगों ने तय किया। एक नाम निश्चित करना चाहिये। 'हिन्दू यूनीवर्सिटी' या 'भारतीय विश्वविद्यालय' या दी यूनीवर्सिटी आफ इण्डिया के बजाय 'बनारस हिन्दू यूनीवर्सिटी' इ० के नाम से विश्व-विद्यालय स्थापित करने का निश्चय किया गया।

अप्रैल, सन 1911 में श्रीमती एनीबेसेन्ट और मालवीय जी इलाहाबाद में मिले। उन्होंने यह तय किया। हिन्दू यूनीवर्सिटी सोसायटी स्थापित की जाय। इसका शिष्ट मण्डल सारे हिन्दुस्तान में घूमे। यह शिष्ट मण्डल सारे हिन्दुस्तान में घूमा। इसी प्रकार 12 अक्तूबर, सन् 1911 को इन तीनों समितियों की जो एक कमेटी बनी थी, उसने एक पत्र के द्वारा अपनी रिपोर्ट सर बटलर को, जो उस समय केन्द्रीय एजूकेशन के मेम्बर थे, दी। उस के आधार पर सर बटलर ने सरकारी मन्तव्य सूचित किया वह इस प्रकार से है —

'The Government will be prepared to support the idea of a Hindu University.'

इस में एजूकेशन मेम्बर ने कहा था—सरकार इसका स्वागत करेगी कि हिन्दू यूनीवर्सिटी की स्थापना की जाय।

22 अक्तूबर, सन 1911 को दरभंगा नरेश, श्रीमती एनीबेसेन्ट और मालवीय जी फिर मिले। उस में यह तय हुआ कि विश्वविद्यालय का नाम हिन्दू यूनीवर्सिटी होगा। इस प्रकार अन्य तीनों समितियां मिल गई। चाहे उन के आइडियाज जो भी हों लेकिन यह तय हो गया कि हिन्दू यूनीवर्सिटी सोसायटी और हिन्दू यूनीवर्सिटी के नाम से बिल वहां पर पेश किया जायेगा।

दरभंगा कैसल, इलाहाबाद की मीटिंग में यह तय हुआ कि विवादों को हटा कर हिन्दू विश्वविद्यालय नाम रखा जाय। हिन्दू विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में एक शिष्ट मंडल दिल्ली आया।

4 दिसम्बर, सन 1911 को दिल्ली के टाउन हाल में एक मीटिंग हुई। उस में यह तय किया गया कि हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की जाय। पहली जनवरी, 1912 को सोसायटी का कार्यालय नियमित रूप से प्रयाग में खोल दिया गया।

यह इसकी हिस्ट्री है। सन 1912 में हिन्दू यूनीवर्सिटी सोसायटी, प्रयाग में, दिल्ली के टाउन हाल की मीटिंग के निश्चय के अनुसार, खोल दी गई। उस के पश्चात् दरभंगा के राजा ने 28 अप्रैल, 1913 को एक स्मरण पत्र शिक्षा सदस्य श्री बटलर के पास भेजा। श्री बटलर ने 2 जून, 1913 को उस पत्र का उत्तर भेजा, उसे में यह तय किया गया—

"हिन्दू विश्वविद्यालय के लिये उपयुक्त स्थान निश्चित किया जाये।" गवर्नमेंट ने इस बात को ऐग्री किया कि हिन्दू विश्वविद्यालय अथवा हिन्दू यूनीवर्सिटी के लिये कोई स्थान निश्चित किया जाये। 7 दिसम्बर, 1913 को हिन्दू यूनीवर्सिटी सोसायटी की एक बैठक प्रयाग में सर राय बहादुर जी० एम० चक्रवर्ती की अध्यक्षता म हुई। उसे में 9 सदस्य उपस्थित थे। उस बैठक में यह पुनः निश्चय दुहराया गया कि हिन्दु यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाये।

इस प्रकार बात चलती रही। 22 मार्च, 1922 को सर हारकोर्ट बटलर ने इम्पीरियल लेजिस्लेटिव कौंसिल में हिन्दू यूनिवर्सिटी विधेयक विचारार्थ प्रस्तुत किया। हिन्दू यूनिवर्सिटी विधेयक इम्पीरियल लेजिस्लेटिव कौंसिल में पेश किया गया। वह एक प्राइवेट मेम्बर बिल के रूप में था। सरकारी बिल नहीं था। लेकिन प्राइवेट मेम्बर बिल होते हुए भी सर हारकोर्ट बटलर ने उस को एक आवश्यक उपयोगी बिल मान कर प्रस्तुत किया था। जब वह प्रस्तुत हुआ तो गवर्नमेंट ने निश्चय किया कि संस्था का नाम हिन्दू विश्वविद्यालय या हिन्दू यूनीवर्सिटी होगा। इस प्रकार सर हारकोर्ट बटलर, केन्द्रीय शिक्षा सदस्य, ने बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी बिल इम्पीरियल लेजिस्लेटिव कौंसिल में उपस्थित किया। 22 मार्च, 1915 को जो बिल उपस्थित किया गया था उसे प्राइवेट मेम्बर्स बिल होते हुए भी ज्वायेंट सेलेक्ट कमेटी के पास भेजा गया। ज्वायेंट कमेटी की रिपोर्ट आई। उस ज्वायेंट सेलेक्ट कमेटी में सारे हिन्दुस्तान के सभी बड़े नेता लोग थे। उस में हिन्दू भी थे, मुसलमान भी थे, ईसाई भी थे। सब लोगों ने मिल कर यह तय किया कि नाम हिन्दू यूनिवर्सिटी रहेगा।

ज्वायेंट कमेटी के मुस्लिम सदस्य श्री गजनवी ने हिन्दू शब्द पर आपत्ति किया। उनका मत था कि हिन्दू शब्द अगर रखा जायेगा तो वह साम्प्रदायिकता का द्योतक होगा। उन्होंने कहा था :

> "न तो हिन्दू यूनिवर्सिटी और न मुसलिम यूनिवर्सिटी से जनता को किसी प्रकार का वास्तविक लाभ हो सकेगा।"

श्री गजनवी ने कहा कि मुसलिम यूनिवर्सिटी या हिन्दू यूनिवर्सिटी से जनता का कोई लाभ नहीं होगा। साम्प्रदायिक नाम देने के बदले उस का नाम सेकुलर होना चाहिए। यह बात नहीं है कि आज ही हम लोग इस बात को सोच रहे हैं। उस वक्त भी लोगों ने इस बात को सोचा था। लेकिन माननीय श्री दास ने, जो उस वक्त मेम्बर थे, कहा कि गजनवी साहब ने जो सन्देह व्यक्त किया है, वह उचित नहीं है। हिन्दू यूनिवर्सिटी नेशनल यूनिवर्सिटी होगी। उस का द्वार सब के लिए उन्मुक्त होगा। सर फजलभाई करीमभाई को श्री चागला जानते होंगे। उन्होंने बड़े स्पष्ट शब्दों में कहा था कि :

> "यह विधेयक हिन्दू मित्रों के लोकोपकारक परिश्रम की सफलता का परिचायक है। मुझे प्रसन्नता है कि हिन्दू विश्वविद्यालय के विचार को मूर्त रूप प्राप्त हुआ है। हिन्दू विश्वविद्यालय देश में अपने ढंग का एक अभिनव प्रयोग होगा।"

उस समय सर फजलभाई ने बड़े अच्छे शब्दों में कहा था कि हिन्दू शब्द कोई साम्प्रदायिक शब्द नहीं है।

अन्त में जब विधेयक पेश किया गया तब देखिये क्या हुआ। पहली अक्तूबर, 1915 को बटलर ने ज्वायेंट सेलेक्ट कमेटी की रिपोर्ट को लेजिस्लेटिव कौंसिल में पेश किया और कहा कि :

> "अनेक लोगों ने विचार प्रकट किया कि हिन्दू शब्द की परिभाषा विधेयक में रखना आवश्यक है। किन्तु अभी तक हिन्दू शब्द की कोई सर्वसम्मत परिभाषा उपलब्ध नहीं है। प्रवर समिति ने इस की आवश्यकता भी नहीं समझी

[श्री रघुनाथ सिंह]

कि उस की परिभाषा करने का प्रयास किया जाये। हिन्दू शब्द की परिभाषा करने का भार यनिवर्सिटी के योग्य अधिकारियों पर छोड़ देते हैं।"

हिन्दू शब्द की परिभाषा उस वक्त भी नहीं की गई। हिन्दू शब्द का अर्थ होता है, केवल हिन्दू धर्म मानने वाला। बल्कि यह यूनिवर्सिटी वालों पर छोड़ दिया गया कि वह जो चाहें इस की परिभाषा करें। इसी प्रकार विधेयक के ऊपर विचार करते हुए श्री विजयराघवाचार्य और श्री अली इमाम, इन दो सदस्यों ने कहा कि यह विधेयक हिन्दुस्तान के लिए लाभप्रद होगा। यह बिल्कुल नैशनल यूनिवर्सिटी होगी। इस की स्थापना होनी चहिए।

अन्त में लार्ड हार्डिंग ने कहा था कि :

"मुझे प्रसन्नता है कि हिन्दू विश्वविद्यालय विधेयक, जिस पर गत् चार वर्षों से बहस हो रही थी, आज वह देश का एक कानून बन गया है।"

इस प्रकार लार्ड हार्डिंग से लेकर सन् 1904 तक किसी के मन में यह भाव नहीं था कि हिन्दू शब्द साम्प्रदायिक शब्द है बल्कि हिन्दू शब्द जाति का बोध कराता था। श्री एन० सी० चटर्जी ने स्वामी विवेकानन्द का उल्लेख किया है। हिन्दू शब्द पर उन्होंने जो कुछ लिखा है वह मैं आपको बताता हूं :

"हिन्दू सम्प्रदाय का प्रतीक नहीं परन्तु उदार व्यापक शब्द है। हिन्दू शब्द के अन्तर्गत भारत की समस्त संस्कृति, सभ्यता, मानव विकास, इतिहास एवं भारतीय विचारों के साथ-साथ विविध भारतीय पंथों और मत मतान्तरों का समावेश हो जाता है। हिन्दू शब्द और छोर हीन महासागर तुल्य है जिस में समस्त नदियां विभिन्न नामों के साथ जल लाती हैं, उस में मिल कर एकाकार हो जाती है।"

अर्थात हिन्दू शब्द साम्प्रदायिक शब्द नहीं। हिन्दू शब्द जातीय है। साम्प्रदायिक नहीं है। जाति वाचक शब्द है।

15 hrs.

सरकार ने कांग्रेस पार्टी के माननीय सदस्यों को यह छूट दी है। वे जिस तरफ वोट देना चाहें दे सकते हैं। कांग्रेस पार्टी के सदस्य से मेरा निवेदन है। वे देखें कि हिन्दू शब्द साम्प्रदायिक न था न है। यह शब्द साम्प्रदायिकता का द्योतक नहीं है और न हो सकता है। इसलिए हिन्दू शब्द को बदलना उचित नहीं है। राज्य सभा के माननीय सदस्यों ने इसको बदला है। उसे लोग कैसे परलोक सभा कहते हैं। परलोक आकाश में होता है। वे शायद आकाश में घूमते हैं। हम लोक सभा वाले हैं। इस लोक में रहते हैं। जमीन पर घूमते हैं। लोक सभा को राज्य सभा की बात नहीं माननी चाहिए।

सभापति महोदय : जो कुछ वहां हुआ है उसके बारे में तो हम कहें लेकिन इस तरह से उस हाउस के बारे में नहीं कहना चाहिए।

श्री रघुनाथ सिंह : अन्त में मैं यही कहना चाहता हूं कि हिन्दू शब्द को हमें रहने देना चाहिए।

श्री बाल कृष्ण सिंह : मैंने पहले कहा है कि हम को कोई ऐसा काम नहीं करना चाहिए जिस को समाज आसानी से ग्रहण न कर सके। राज्य सभा ने बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी का नाम बदल कर मदन मोहन मालवीय काशी विश्वविद्यालय कर दिया है। इसी आधार पर शिक्षा मंत्री ने यह आश्वासन दे रखा है कि मुस्लिम यूनिवर्सिटी के नाम से वह मुस्लिम शब्द हटवाने के बारे में भी विधेयक यहां लायेंगे। जब मुस्लिम सर शब्द उससे हटा दिया जाएगा तो उसका नाम सरसैयद अहमद यूनिवर्सिटी अलीगढ़ होगा। इसका अर्थ तो यह हुआ कि मालवीय जी हिन्दू संस्कृति और दर्शन के प्रतीक थे तो सर सैयद अहमद मुस्लिम संस्कृति और मुस्लिम दर्शन के प्रतीक थे और दोनों की मान्यताओं और दोनों के सिद्धान्तों को ऐसा करके आप सम्बद्ध कर रहे हैं। मुझे सब से बड़ा दुख इस बात का है कि राज्य सभा ने जो सुझाया है अगर उसको मान लिया जाए और मालवीय जी और सर सैय्द अहमद को समान स्तर पर रख दिया जाए तो न मैं और न ो यह देश इसको मानने के लिए तैयार हैं क्योंकि दोनों का पालिटिक्स अलग अलग था। बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी के नाम में अनेक उन दाताओं की, संस्थापकों की और उससे सम्बन्ध रखने वाले तमाम लोगों की भावनायें जुड़ी हुई हैं। आपने नेशनल यूनिवर्सिटी भी तरफ इशारा किया है और कहा है कि उसका जो नेशनल कारेक्टर है वह समाप्त नहीं होना चाहिए। बनारस का निवासी होने के नाते मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी के वायुमंडल में तथा उसकी सीमा में संकीर्णता तथा साम्प्रदायिकता की लेश मात्र भी गंध नहीं है। मै वहां के लड़कों को, वहां के वाइस चांसलर को, वहां के अध्यापकों और प्रोफेसरों बधाई देना चाहता हूं कि जब कि आज तमाम देश भर में अनुशासनहीनता की भावना फैल रही है वहां आज भी वहां के लड़के पूर्ण रूप से अनुशासित हैं। आज मुझे अवसर मिला है कि बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी की तरफ से वहां का निवासी होने के नाते मैं मिनिस्टर साहब को आश्वासन दूं कि बनारस हिन्दू यूनिवर्सटी में कभी साम्प्रदायिकता की भावना नहीं रही है न है और न आगे भविष्य में होगी।

एक और बात मैं निवेदन करना चाहता हूं। बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी से अगर आप हिन्दू नाम निकाल देते है तो उस यूनिवर्सिटी का ही नहीं, मालवीय जी का ही नहीं बल्कि समूचे देश के सम्मान को आप धक्का पहुंचाते हैं। समूचे देश का सम्मान उस यूनिवर्सिटी ने ऊंचा किया है, इस हिन्दू शब्द के रहते हुए उसने ऊंचा किया है यदि इस हिन्दू शब्द को आप हटाते हैं तो तमाम दुनिया के लोगों को इस पर गम्भीरता से सोचने तथा टिप्पणी करने का अवसर मिलेगा कि क्या कारण था कि इस हिन्दू शब्द को निकाल दिया गया है, क्या वहां के वातावरण में, वहां के लोगों में कोई भावना पैदा हो गई थी जिसके कारण इस शब्द को निकालना जरूरी समझा गया? उस यूनिवर्सिटी का एक इतिहास रहा है। उस यूनिवर्सिटी ने ऐसे ऐसे नागरिकों को जन्म दिया है जिन के अन्दर राष्ट्रीय भावनाएं कूट कूट कर भरी हुई थीं। मैं आप से निवेदन करना चाहता हूं कि हिन्दू शब्द हटा कर आप एक भ्रम पैदा न करें। हमारा धर्म निरपेक्ष राष्ट्र है, राज्य है। यहां हर व्यक्ति को अपने धर्म को मानने की स्वतंत्रता है और उसके धर्म पर कोई आक्षेप नहीं होना चाहिये। हिन्दू एक समुदाय है जिसमें हिन्दू, सिख, बौद्ध और जैनी सभी शामिल हैं। इसको धर्म कैसे माना जाता है? मैं आप से निवेदन करता हूं कि आप इस एमेंडमेंट को स्वीकार कर लें। वैसे तो मैं इस होल क्लाज का विरोध कर रहा हूं लेकिन आप मेरा जो संशोधन है उसको स्वीकार कर लें। बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी नाम जैसे है और मालवीय जी की जैसी इच्छा थी, दाताओं की जैसी इच्छा

[श्री बाल कृष्ण सिंह]

श्री और आज इस देश में तमाम निवासियों की जैसी भावना है, उसका आपको आदर करना चाहिये।

अन्त में मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी नाम बदस्तूर रहना चाहिये।

श्री उ० मू० त्रिवेदी (मंदसौर) : इस क्लाज के सम्बन्धों को छोटे से वाक्यों में भी कही जा सकती है। लेकिन कुछ देश का दुर्भाग्य है कि हिन्दू शब्द मात्र से ही एक प्रतिक्रिया होती चली आ रही है। यह प्रतिक्रिया आज की नहीं है, दस साल पहले की नहीं, सौ साल से यह चली आ रही है। क्या प्रतिक्रिया है ? मैं 1916 की बात करने जा रहा हूं। तब मैं फारसी पढ़ा करता था कंजी नए फारसी में एक हकावत आती है। उस हकावत में हिन्दू शब्द का प्रयोग था। उसमें यह था कि हिन्दू शब्द का मतलब लुटेरा, चोर डाकू है। इस अर्थ में यह शब्द प्रचलित है। मालूम नहीं फारसी में यह शब्द कैसे घुसा कि हिन्दू का मतलब चोर, लुटेरा और डाकू है। इतना होते हुए भी भारतवर्ष में रहने वाले, भारतवर्ष के आदि धर्म को मानने वाले किसी व्यक्ति विशेष ने इस पर कोई आपति नहीं की। अगर आप हम को चोर कहते हैं, लुटेरा कहते हैं, डाकू कहते हैं तो भी हम भारतवर्ष में रहने वाले हिन्दू हैं। ऐसा ही किस्सा फिर दुबारा मेरे जीवन में आया सन 1938 में मैं इंगलैंड जा रहा था। पोर्ट सईद में मैं कुछ देर के लिए रुका। वहां मेरे साथ जो पांच लड़के थे, वे और मैं घूमने निकले। मिश्री लोग हम लोगों से मिलन आए। हम हिन्दू थे, यानी हिन्दुस्तान में जो रहता है वह अपने आपको हिन्दू कह सकता है। एक हमारे में ऐसा था जो हैदराबाद का रहने वाला था और वो नाम से मुसलमान था।

सभापति महोदय : मजहब से कहिये।

श्री उ० मू० त्रिवेदी : नाम से ही मैं कहता हूं मजहब वगैरहा मैं नहीं मानता हूं। जिन लोगों ने हम से आ कर पूछा उनकी भाषा अंग्रेजी जैसी नहीं थी, उनकी भाषा कुछ ऐसी थी जैसी अंग्रेजी फ्रेंचमैन बोलते हैं। उन्होंने पूछना शुरू किया "व्हात नेशनलिटी"? हम लोगों में से एक साहब ने कहा "इंडियन" तो उस ने कहा यू आर हिन्दू ? हम ने कहा "येस"। उसके हिन्दू पूछने का कारण क्या था कि वहां पर जितने नक्शे टंगे हुए थे, हमने जो देखे भारतवर्ष के नक्शों, सब पर हिन्दुस्तान लिखा हुआ था, इंडिया शब्द नहीं लिखा हुआ था। तो जो आदमी वहां रहते हैं वह हुए हिन्दू, यह उस का मतलब था। हम समझ गए इस बात को। हमें कोई आपति नहीं थी उस पर। तो उसने पांच से पूछा हिन्दू, हिन्दू, तो पांच ने तो हिन्दू बतलाया। छठे से जब उस ने पूछा उसने कहा कि मुस्लिम। तो उस ने पूछा "व्हात मुस्लिम? हिन्दू और नाट ?" तो वह छटपटाये। उसके गले से कैसे निकले यह बात ? कैसे कहे अपने आप को हिन्दू ? उसने कहा कि "नो मुस्लिम"। तो उसने फिर पूछा, "व्हात मुस्लिम ? अरब मुस्लिम, टैंजियर मुस्लिम, अल्जीरियन मुस्लिम, हिन्दू मुस्लिम और व्हाट ?" तो उस ने कहा कि हिन्दू मुस्लिम।

एक माननीय सदस्य : दैट इज राईट।

श्री उ० मू० त्रिवेदी : तो अगर यह भावना है तब तो हिन्दू शब्द एक बड़ा विकसित शब्द है और यह ऐसा विकास कर चुका है कि सारे भारत वर्ष को अपने में ले लेता है।

"आ सिन्धु, सिन्धु पर्यन्ता यस्य भारत भूमिका"

यानी उस सिन्धु नदी से लेकर समुद्र पर्यन्त तक जितनी भारत भूमि है उस में जो रहने वाला है वह हिन्दू है।

श्री प्रिय गुप्त : Hindu Mahasabha comprises all sabhas.

श्री उ० मू त्रिवेदी : और यह मेरे दोस्त अकेले हिन्दू नहीं हैं। (व्यवधान) मैं कहता हूं कि यह हिन्दू है। यह चाहे कहे चाहे न कहे. यह हिन्दू हैं। मैं हिन्दू हूं, आप हिन्दू हैं, चागला साहब हिन्दू हैं, या बाकर अली साहब भी हिन्दू हैं। कोई इनकार नहीं कर सकता है। सिर्फ भावना एक यह हो गई है, एक प्रतिक्रिया पैदा हो गई है। प्रतिक्रिया क्या हो गई, कि कुछ हमारे यहां राज्य बन गए। उन राज्यों के आधार पर यह हो गया कि लोग यह बात भूल गए कि वह हिन्दू हैं। जैसे हमारे शर्मा साहब बात कर रहे हैं। यह मानने को तैयार नहीं हैं। इनके गले में यह बात उतरने को तैयार नहीं है कि भारत वर्ष में रहने वाले लोग हिन्दू हैं। अगर यह व्यापक रूप इसका मान लिया जाय और इसी व्यापक रूप में इस शब्द का प्रयोग इस काशी विश्वविद्यालय के नाम के साथ किया जाय, अभी मेरे मित्र रघुनाथ सिंह जी मुझे एक संवत 1984 का पंचांग दिखा रहे थे उस पर क्या है कि उस पर जो मोनोग्राम बे छपा हुआ है, वह है :

"विद्ययाऽमृतमश्नुते"

वह मोनोग्राम है काशी विश्वविद्यालय का और उसके नीचे क्या लिखा है नाम? संस्कृत में लिखा है "काशी विश्वविद्यालय" जो आज हम देना चाहते है। लेकिन वह काशी विश्वविद्यालय शब्द तर्जुमा किस शब्द का है? बनारस हिन्दू यूनिवर्सीटी का अगर बनारस हिन्दू यूनिवर्स्टी का तर्जुमा काशी विश्वविद्यालय है तो ..(व्यवधान) अब उस का नाम क्या है? काशी हिन्दू विश्वविद्यालय यह नाम ईंट तक में छप गया, जिस ईंट से तमाम इमारत चुनी गई, उस पर भी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय लिखा था। तो वह इसलिए नहीं था कि वह हिन्दुओं की थी, अगर वह हिन्दुओं की होती ......

सभापति महोदय : अब आप अमेंडमेंट पर आ जाय।

श्री उ० मू० त्रिवेदी : मगर यह हिन्दू से ही सम्बन्धित होता विश्वविद्यालय तो आप देखें, सेक्सन 7 में लिखा है।

"to promote the study of religion, literature, history, science and art of Vedic Hindu, Buddhist, Jain, Islamic, Sikh, Christian, Zoroastrian and other civilisations and cultures;"

यह एक कचरल डेफिनीशन है। इस में धर्म से कुछ मतलब नहीं है। तो इसे धर्म का रूप देकर और इस प्रतिक्रिया के रूप में में हम इसे खड़ा करना चाहे तो मैं यह कहता हूं कि हम एक गलत राह पर जा रहे हैं। गलत राह पर इसलिए जा रहे हैं कि दुर्भाग्य से हमारे यहां एक यूनिवर्सीटी बनी जिस का नाम अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सीटी रखा गया। प्रतिक्रिया यह हो रही है कि अब हमारे यहां एक व्यापक रूप से ऐसा हम मानने लग गए हैं कि माइनारटी जो होंगे, अल्पसंख्यक जो होगें उन के हकों को हमें बराबर रखना चाहिए।

Mr. Chairman: You ought to be brief now.

श्री उ०मू० त्रिवेदी: It is a very very important thing.

अब देखना यह है कि अलिगढ़ मुस्लिम युनिवर्सीटी शब्द से चूंकि हमारी गवर्नमेंट यह चाहती है कि यह मुस्लिम शब्द निकाल दिया जाय, तो अगर हम उस शब्द को निकालते हैं तो इस शब्द को भी हमे निकालना होगा। मैं कहता हूं कि नहीं। यह तो प्रतिक्रिया हुई। हम जब छोटे थे तो कहते थे कि हिन्दू और मुसलमान में यही प्रतिक्रिया है। हिन्दू दाहिने हाथ से खायेगा तो मुसलमान क्या दाहिने हाथ से खायेगा? अर्थात वह भी दाहिने हाथ से खाले, ऐसा तो हो नहीं सकता। लोग कहते थे कि हिन्दू मुंह यों धोता है तो वह मुंह यों धोता हैं। यह हमारी प्रतिक्रिया की बात

[श्री उ० मू० त्रिवेदी]

है ।...(व्यवधान) अब दोनों हाथ से धोने लगे : हम एक हाथ से धोने लगे तो वह दोनों हाथ से । तो यह तो सारी प्रतिक्रिया है जिसका कोई अर्थ नहीं होता और न इस तरह की बात हमें उठानी चाहिए । हमें तो देखना यह है कि यह जो नाम काशी हिन्दू विश्वविद्यालय रखा गया और वह अभी मेरे दोस्त ने एक फोटो दिया था . . .

सभापति महोदय : वह दिखा चुके हैं ।

श्री उ०मू० त्रिवेदी : ** I will place it on the Table of the House. I may be permitted to do so.

इस का नाम है काशी हिन्दू विश्वविद्यालय । तो यह काशी हिन्दू विश्वविद्यालय जहां लिखा हुआ है, यह संगमरमर के पत्थर के अन्दर खुदा हुआ है । क्यों खुदा हुआ है कि जिस आदमी की भावना थी इसको स्थापित करने की, वह यह चाहता था कि इसको हिन्दू का व्यापक रूप मिल जाय । मैं पूछना चाहता हूं कि क्या कोई इतिहास वेत्ता हमारे यहां यह बताने की कोशिश करेंगे कि बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी में सिर्फ हिन्दू लड़कों को भर्त्ती किया जाता था, यानी केवल हिन्दू धर्म मानने वालों को ही भर्त्ती किया जाता था ? हर एक वहां भर्त्ती हो सकता है और मेरे ख्याल में कई मुसलमानों के लड़के वहां से पढ़कर आये हुए हैं । मेरा साथी एक था हाजी खां, वह तो ऐसी संस्कृत बोलता था कि मैं नहीं बोल सकता था । .... (व्यवधान) तो उसके अध्ययन से कोई आदमी अपने मजहब में परिवर्त्तन नहीं करता है । हिन्दू कहलाने से भी एतराज नहीं हो सकता । हिन्दू शब्द अगर व्यापक मान लिया जाय और उसके मूल तत्व को देखा जाय तो जिस अर्थ में यहां उसका उपयोग हिन्दू विश्वविद्यालय नाम से किया गया है, वह धर्म निरपेक्ष राज्य की भावना को किसी तरह से ठेस नहीं पहुंचाता न हमारी धर्म निरपेक्ष भावनाओं में कोई बाधा डालता है । ....

Mr. Chairman: Please conclude now. A number of speakers are there on this clause.

Shri U. M. Trivedi: It is a very interesting subject and it will be a historical document for all of us.

Mr. Chairman: The Speaker has announced that there is one hour for clause-by-clause consideration. There are so many speakers to speak on this clause only. Therefore please be brief.

Shri U. M. Trivedi: I will request the House, everyone sitting in the House, that this Bill may be discussed for three or four hours more because this a very important Bill. यह जिसकी नींव डाली थी पंडित मदन मोहन मालवीय ने, आज उसकी कब्र खोदकर एक नया रूप रखना जिससे...

सभापति महोदय : I will put it to the House.

अभी तजवीज हुई है कि एक घंटे के बजाय वक्त बढ़ा दिया जाय । तो कोई निश्चित तजवीज आ जाय तो मैं हाउस की राय ले लूं ।

श्री यशपाल सिंह : मैं प्रस्ताव करता हूं कि इसमें दो घंटे का समय बढ़ा दिया जाय ।

Shri U. M. Trivedi: I support it.

Shri Ansar Harvani (Bisauli): I support it.

Shri Gauri Shankar Kakkar: I also support it.

Some hon. Members: The whole House support it.

Shri Raghunath Singh: The whole House is of that opinion.

Mr. Chairman: Is the House agreeable?

Several hon. Members: Yes.

Mr. Chairman: So, the time is extended by 2 hours.

**The Speaker was having subsequently accorded to necessary permission, the document was not treated as laid on the Table.

श्री उ० मू० त्रिवेदी : सेक्शन 2 में जो लिखा है वह भावना बहुत अच्छी है :

"And whereas to perpetuate the memory of late Pandit Madan Mohan Malaviya, it is desirable to rename the said University as the Madan Mohan Malaviya Kashi Vishwavidyalaya; it is hereby enacted as follow:"

पं० मदन मोहन मालवीय के दर्शन मात्र से मनुष्य कृतार्थ हो जाता था। हम 1921 में कालेज में पढ़ते थे तब वह मेरे कालेज में आये थे। उस वक्त अहमदाबाद कांग्रेस का सेशन चल रहा था। वह कांग्रेस अटेन्ड करने नहीं आये लेकिन हमारे प्रिंसिपल ने उनको बुलाया था। उनकी अंग्रेजी सुनकर भी हमको बहुत आनन्द हुआ। उनको लोग सिल्वर रिंगिंग टोन कहा करते थे, जिस समय उनकी आवाज निकलती थी। उस आदमी ने कभी भी अपनी यह इच्छा व्यक्त नहीं की कि उनका नाम इस यनिवर्सिटी के साथ संयुक्त किया जाये, हालांकि वह उसके सर्वेसर्वा थे।

श्री शिंकरे (मरगागोआ।) : वह कैसे बोलते।

श्री उ० मू० त्रिवेदी : वह नहीं बोलते तो हम भी उसका बिगाड़ना नहीं चाहते।

श्री शिंकरे : उनकी मैमोरी के वास्ते ऐसा किया जा रहा है।

श्री उ० मू० त्रिवेदी : उनकी मैमोरी के वास्ते कोई स्टेचू बनाइये। आपने बड़ा बवर्दस्त चित्र यहां पर टांग दिया है।

Shri Raghunath Singh: Memory cannot be perpetuated by stones and bricks It is perpetuated by the action of the man.

श्री उ० मू० त्रिवेदी : जब तक काशी विश्वविद्यालय है तब तक कोई भारतवर्ष का आदमी पं० मदन मोहन मालवीय को नहीं भूल सकता। इस तरह से नाम बदल देने से कुछ नहीं होता। आज भी कई जगह नाम लिख दिये गये हैं कि फलाना मार्ग, लेकिन लोग उसको दूसरा नाम देकर कुछ न कुछ बदल देते हैं।

एक माननीय सदस्य : मार्ग और विश्वविद्यालय में फर्क है।

श्री उ० मू० त्रिवेदी : विश्वविद्यालय और मार्ग में कोई फर्क नहीं है। वह दोनों एक चीज हैं। प्रापर नाउन हैं। प्रापर नाउन में एक आदमी का नाम जोड़ने से कोई अर्थ नहीं निकलता। मैं तो इस मत का हूं कि अगर मदन मोहन मालवीय का नाम जोड़ा भी जाये तो मदन मोहन मालवीय हिन्दू विश्वविद्यालय रक्खा जाये। इसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। लेकिन सिर्फ इस कारण से कि हमारे कोई मुसलिम दोस्त नाराज होगें इसलिये नाम बदल दिया जाये..

एक माननीय सदस्य : कोई नाराज नहीं होगा।

श्री उ० मू० त्रिवेदी : मैं भी यह बात मानता हूं कि कोई नाराज नहीं होगा। यह तो मात्र एक दो व्यक्ति विशेष की भावनायें हैं। मैं व्यक्ति विशेष की भावनाओं को महत्व नहीं देता हूं। अगर सारे हाउस की भावना की तरफ आप दृष्टि करें तो आपको प्रतीत होगा कि हम सब यह चाहते हैं कि इसमें पं० मदन मोहन मालवीय का नाम जोड़ा जाये या नहीं, लेकिन जो पहला नाम रक्खा हुआ है काशी हिन्दू विश्वविद्यालय उसमें किसी भी हालत में परिवर्तन न किया जाये। अगर ऐसा किया जाये तो मैं अपने आपको धन्य समझूंगा और कहूंगा कि जितने हमारे पुराने मशहूर आदमी हुए हैं उनकी परम्परा को आपने कायम रक्खा।

श्री किशन पटनायक : सभापति महोदय, हिन्दू शब्द का कहीं-कहीं बड़ा व्यापक अर्थ होता है, जैसे कि हिंदुस्तान, या हिन्दी, इन शब्दों में जब हिन्दू मिल जाता है और ऐसे शब्द बनते हैं तब तो हिन्दू शब्द का व्यापक अर्थ बनता है, लेकिन अभी जिस सन्दर्भ में

[श्री किशन पटनायक]

हिन्दी शब्द के ऊपर बहस हो रही है वह व्यापक अर्थ वाला हिन्दू नहीं, संकीर्ण अर्थ वाला हिन्दू है। जिन लोगों को हिन्दू शब्द से प्यार है उनसे मैं अर्ज करूंगा कि हिन्दू शब्द को व्यापक बनाकर रखिये, उसको संकीर्ण न बना दीजिये। संकुचित न बना दीजिये। यहां पर बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी का जहां तक सवाल है उसका संकीर्ण अर्थ है। एक तरफ अलीगढ़ मुसलिम विश्वविद्यालय है, दूसरी तरफ बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी है। एक ही देश के एक ही प्रान्त में दो यनिवर्सिटियां हैं एक का नाम मुसलिम है और दूसरी का नाम हिन्दू है। हिन्दू के माने हिन्दू धर्म होता है और मुसलिम के माने इसलाम धर्म होते हैं। इससे कोई दूसरे अर्थ नहीं निकल सकते। इसलिये जितना बुरा अलीगढ़ मुसलिम यूनिवर्सिटी में मुसलिम का होना है उतना ही बुरा बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी के साथ हिन्दू का होना है।

जब श्री रघुनाथ सिंह पंचांग और इतने पर्चे पढ़ रहे हैं तो मैं कहूंगा कि वह चुनाव में जनता के वोट लेने के वास्ते अपने सारे इतिहास और सारी मान्यता को झुठला रहे हैं। उन की मान्यता क्या यही है, उनके सामने यहां का इतिहास क्या रहा है। वह एक ईंट लाये हैं और अपनी डेस्क पर रक्खे हुए हैं। पता नहीं कितनी ईंटें हैं जिन पर काशी विश्वविद्यालय लिखा हुआ होगा जो कि पुरानी ईंटें हो सकती हैं। यह ईंट पता नहीं फर्जी है या क्या है। उन्होंने खुद जितना हवाला दिया है सब में उन्होंने कहा कि हिन्दी में, संस्कृत में, देवनागरी में काशी विश्वविद्यालय लिखा हुआ है, सिर्फ अंग्रेजी के तर्जुमे में बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी है। आखिर उन की मान्यता क्या है। वह मूल वाली मान्यता है या अनुवाद वाली मान्यता है। वह हिन्दी वाले हैं या नहीं, हिन्दी के समर्थक हैं या नहीं। वह हिन्दी के समर्थक हैं, संस्कृत के समर्थक हैं, लेकिन चुनाव का मसला हो सकता है, वोट्स का मसला हो सकता है, इस लिये वह अपने सारे इतिहास को, सारी मान्यता को भूले जा रहे हैं। वह कह रहे हैं धर्म नाम में सनातन धर्म है। वह अपने सारे इतिहास को जरा पलट कर मर देखें। जब कोई हिन्दू मुस्लिम झगड़ा होता है तब क्या कहीं पर उन्होंने सनातन धर्म मुसलिम झगड़ा कहा है जहां भी कहा है, अपने भाषण में हिन्दू मुसलिम झगड़ा कहा है।

श्री रघुनाथ सिंह: सन् 1926 में जो डेवलेपमेंट हुआ उसके फलस्वरूप हिन्दू महा सभा कायम हुई।

श्री किशन पटनायक: अपनी जो मान्यतायें हैं उन को वह झुठला रहे हैं, सिर्फ वोट के लिये। यह तो मैं ने सिर्फ श्री रघुनाथ सिंह जी से कहा।

अब मैं श्री चागला साहब से कहना चाहता हूं जिनका अभी प्रमोशन हुआ है। वह शिक्षा मंत्री से विदेश मंत्री हो कर गये हैं।

Shri U. M. Trivedi: It is a disgrace to call it a promotion.

Shri K. C. Sharma (Sardhana): This is questionable. The hon. Member is not entitled to pass such remarks.

Shri U. M. Trivedi: Mr. Chagla is a great man by himself.

सभापति महोदय: आपसे एक शब्द मैं कह दूं। आनरेबल मिनिस्टर ने खुद यह कहा है कि यह प्रोपन है हाउस के लिये कि वह क्या फैसला करे।

श्री किशन पटनायक: मैं इसलिये बोल रहा हूं कि दूसरे जो अमेंडमेंट होते हैं, दूसरे विधेयक होते हैं, काले कानून बनते हैं तब तो कांग्रेस पार्टी का व्हिप लग जाता है, उस पर रोक लग जाती है कि उनको किस तरह वोट देना पड़ेगा। लेकिन इस मामले में मैं समझता हूं कि उनके ऊपर कोई व्हिप नहीं है। इसको खुला छोड़ दिया गया है।

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : हिम्मत नहीं है।

श्री किशन पटनायक : क्यों खुला छोड़ दिया गया है। मेरी श्री चागला को चुनौती है। मैं उनकी तारीफ करूंगा कि उन्होंने पास करवाया राज्य सभा में, मगर आज विदेश मंत्री बनने की लालच से वह अपना मत नहीं बतलाते हैं, अपनी राय नहीं बतलाते हैं।

Some hon Members: What is this

Shri Raghunath Singh: It is highly objectionable. He should withdraw it.

Shri K. C. Sharma: There should be some decency.

Shri Raghunath Singh: It should be expunged.

सभापति महोदय : मैं आपसे प्रार्थना करूंगा कि कोई मोटिव्ज इम्प्यूट न करें। आनरेबल मिनिस्टर एक चीज रख रहे हैं उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि उनका कोई डाइरेक्टिव पार्टियों के लिये नहीं है। उन्होंने कहा कि हाउस के लिये ओपन है कि वह जिस तरह चाहे फैसला करे।

श्री किशन पटनायक : एक बात महत्वपूर्ण है कि मुसलमान मंत्री हिन्दू शब्द को हटाने के लिये सरकार की तरफ से प्रस्ताव रख रहे हैं। इसका मैं स्वागत करता हूं। लेकिन जहां एक हाथ से एक मुसलमान मंत्री को हिन्दू शब्द हटाने का अधिकार दिया है वहां दूसरे हाथों से सरकारी दल उसे छीन लेता है।.. (**व्यवधान**)

Shri K. C. Sharma: There is no Hindu Minister or Muslim Minister. There is only the Minister.

श्री किशन पटनायक : मैं श्री चागला से कह रहा हूं कि अगर उनको गर्व है...

सभापति महोदय : आप इस विधेयक पर अपने विचार रखिये।

श्री किशन पटनायक : हमारी कुछ वैल्यू हुआ करती है। चागला साहब के सामने सेकुलरिज्म की वैल्यू है। आज उनका इम्तहान हो जायेगा। मैं चाहता हूं कि श्री चागला अपने दिल को मजबूर करें, व्हिप दें। जो मिनिस्टर एक प्रस्ताव लाता है, और एक सभा से पास करवा चुका है क्या वह यहां कांग्रेसी मेम्बर्स को उसके पक्ष में वोट देने के लिये मजबूर नहीं कर सकता है, अपने दल की तरफ से व्हिप नहीं निकलवा सकता है।

Shri M. C. Chagla: I want this matter to be clearly put on record. Throughout, I have taken the attitude in the Select Committee, in the Rajya Sabha and in the Lok Sabha, that I will permit a free vote of the House and that the whip will not be issued. In the Rajya Sabha, I remained neutral in the Select Committee I remained neutral and in the Lok Sabha, I gave that assurance last time. I give it again that no whip is issued. I think, it is most unfair on the part of the hon. gentleman to attribute motives.... (*Interruption*).

Mr. Chairman: Order, order; let him finish first.

Shri M. C. Chagla: I have not changed my attitude. I stand by what I said in the Rajya Sabha....

Mr. Chairman: I did not permit those to be put.

Shri Priya Gupta: On a point of order. How can a Minister remain neutral? He is himself moving the Bill.

Mr. Chairman: There is no point of order.

Shri Priya Gupta: He is himself moving the Bill.

Mr. Chairman: order, I shall have to explain one thing. There is no use in creating noise and disturbance.

Shri Priya Gupta: That is not our intention.

Mr. Chairman: The point is that Mr. Kishen Pattnayak, while speaking, tried to impute motives which was

[Mr. Chairman]

very wrong. I did not, of course, allow it. The hon. Minister made a certain clarification on that. Now I would request Mr. Kishen Pattnayak to continue his speech.

Shri Priya Gupta: On a point of clarification. Can a Minister do it?

Mr. Chairman: There is no clarification to be given here. Mr. Kishen Pattnayak.

श्री किशन पटनायक : चागला साहब ने कहा है कि हर कोई फ्रीली वोट दे सकता है। उन्होंने साथ-साथ यह भी कहा है कि मैं न्यूट्रल रहा हूं और न्यूट्रल हूं। मैं समझता हूं कि उनके न्यूट्रल रहने से इस सवाल का समाधान नहीं होता है। क्यों वह न्यूट्रल रहना चाहते हैं। जब एक चीज को वह लाए हैं और उसको राज्य सभा में पास करवा चुके हैं तो क्यों वह न्यूट्रल रहे हैं? क्यों चाहते हैं कि फ्री वोट हो। सरकारी दल अगर उनकी इज्जत करता है, उनको अगर इज्जत देता है तो आपको देखना चाहिये कि वह आपको इज्जत देता रहे। यह आपकी इज्जत का सवाल है। आप क्यों क्लोज्ड वोट करवाना चाहते हैं। व्हिपइशू करके क्यों सर्वसम्मति से इसके बारे में वोट नहीं लेते हैं। जो मंत्रीपद का प्रलोभन है, क्या यह समझा जाए कि आप उसके शिकार हो जाते हैं? आपको इस पर प्रोटेस्ट करना चाहिये। या तो आप खुद इसको मूव न करें, खुद इसको इनिशिएट न करें और रघुनाथ सिंह जी को करने दें और अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो आप देखें कि व्हिप इशू हो। एक तरफ तो ऐसा प्रतीत होता है कि श्री रघुनाथ सिंहजी को वोट का लालच है और दूसरी तरफ श्री चागला साहब को कैबिनेट में रहने का प्रलोभन है ऐसी भावना नहीं बननी चाहिये।

Shrimati Lakshmikanthamma (Khammam): I think we have a peculiar knack of irritating people at wrong time. I am opposed to Clause 2 and I am opposed to the removal of the word 'Hindu.'

श्री मधु लिमये : आप विरोध कर रही हैं?

श्रीमती लक्ष्मीकान्तम्मा : आपका विरोध।

श्री मधु लिमये : हमारा विरोध?

Shrimati Lakshmikanthamma: There are many major problems facing the country just now and we should not have ventured to bring about this, though personally I am always opposed to the removal of the word 'Hindu' for my own reason. I would like to ask this House this question: how is it that we are respected all over the world? Is it because of our material prosperity or because of our other greatness? It is for our culture, for our heritage that has been taken over to those countries by great persons like Vivekananda, Swami Ram Tirth and Mahatma Gandhi. The word 'Hindu', as has been said by our friend, Mr. Raghunath Singh, was not given by Pandit Madan Mohan Malaviya. I was going through a book wherein the history of Hindu religion has been given elaborately, wherein something has been said about Banaras Hindu University. The history of the University shows that it was Annie Beseant who insisted on the word 'Hindu' to be retained; she was so vehement that she said that if Hinduism dies,, India would be nothing but a corpse. That is what she said. She was all the time feeling that she was not born a Hindu, that she did not have the advantage of being a Hindu. Is it for others to come over here and understand the greatness of the creed of this country? I do not call it communal. It will be the greatest sin that we can do to the creed of this country if we call Hinduism communal or religious. In olden days the Arabs seem to have given this word 'Hindu' to those people who have been following a particular creed beyond the river Indus. Sometimes we feel that people are fools when they express their sentiments or when they

express something; perhaps, they will not be in a position to express in the manner they would like to express or we would like them to express. When they go to temples and worship in millions, our Communist friends feel that they are fools, but when they vote, they are all very clever. (*Interruption*).

I would like to say that the word 'Hinduism' is not a mere religin. It is a spirit. How can any country survive as a matter of fact humanity.... (*Interruptions*).

Shri Kapur Singh (Ludhiana): If the country does not survive where will the Clause remain?

Mr. Chairman: The hon. Member may speak on the Clause.

Shrimati Lakshmikanthamma: I would like to say that this is the essence of this. I am myself opposed to some of the rigidities of Hinduism, but at the same time, we should not forget the spirit. Mr. Chagla has taken over as the Minister of External Affairs; already he knows the minds of the people in other countries, but now he will be in a better position to understand the minds of the people in other countries as to why they respect us very much. They respect us for this greatness that we have had throughout ages. For instance, America is just 200 years old whereas we are 2000 years old in our culture. (*Interruptions*).

Shri Kapur Singh: More than 2000 years old.

Shri Hari Vishnu Kamath (Hoshangabad): 5000 years old.

